## न्यूज ब्रीफ

### चारा मशीन से कुचला किसान का हाथ

**कांठ, अमृत विचार :** ग्राम फूलपुर मिठनपुर निवासी अतर पाल पुत्र लालतू सिंह गुरुवार को अपने घर पर लगी चारा मशीन से पशुओं के लिए चारा काट रहे थे। मशीन में चारा लगाते हुए अचानक उनका हाथ मशीन की चकली में फंसकर लहू लुहान हो गया। किसान की चीख सुनकर अन्य किसानों ने मशीन की मोटर को बंद किया। गंभीर रूप से घायल किसान को मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### रोडवेज बस से भिड़ी स्कूटी, युवक की मौत

**मैनाठेर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में संभल-मुरादाबाद मार्ग पर गुरुवार शाम सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मुरादाबाद के वारसी नगर स्थित जामा मस्जिद निवासी मुजस्सिम पुत्र मोबीन स्कूटी से संभल की ओर जा रहा था। डींगरपुर स्थित पेट्रोल पंप के पास स्कूटी अनियंत्रित होकर रोडवेज बस से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद मार्ग पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए तथा जाम की स्थिति बन गयी। पुलिस ने लोगों को हाईवे से हटाया। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव को साथ ले गए।

### टीपी नगर में पेंट के गैराज में लगी आग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** टीपी नगर क्षेत्र में एक पेंट गैराज में गुरुवार को आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान हो गया। आग लगने का कारण प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। पेंट कर रखी गईं तीन कारें भी आग में क्षतिग्रस्त हो गईं। गुरुवार को ट्रांसपोर्ट नगर में रईसउद्दीन के पेंट के गैराज में अचानक धुआं और आग की लपटें उठने लगीं, जिससे आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और दुकान में रखा दो लाखों रुपये का पेंट व मशीनें और अन्य सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई लेकिन लोगों को आरोप है कि टीम करीब दो घंटे तक नहीं पहुंची। इस दौरान दुकान स्वामी और आसपास के लोगों ने मिलकर आग बुझाने में काफी हद तक सफलता हासिल कर ली थी।

## यात्रियों की सुविधा के लिए कई गाड़ियों में लगेंगे अतिरिक्त कोच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** त्योहारी सीजन में यात्रियों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन ने कई ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि गाड़ी संख्या 14207 मां बेहला देवी धाम प्रतापगढ़-दिल्ली पद्मावत एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच 21 मार्च से 27 मार्च तक लगाए जाएंगे।

साथ ही 14208 दिल्ली- मां बेहला देवी धाम प्रतापगढ़ पद्मावत एक्सप्रेस में अतिरिक्त एक स्लीपर कोच 24 से 30 मार्च तक लगाया जाएगा। जबकि 14205 अयोध्या कैंट-दिल्ली एक्सप्रेस में अतिरिक्त एक स्लीपर कोच 23 से 29 मार्च तक और गाड़ी संख्या 14206 दिल्ली-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस ट्रेन में 22 से 28 मार्च तक अतिरिक्त स्लीपकर कोच लगेगा। गाड़ी संख्या 22420 आनंद विहार टर्मिनल-गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस में अतिरिक्त एक स्लीपर कोच 21 मार्च से 26 मार्च तक लगेंगे।

इसके अलावा 12056 देहरादून-नई दिल्ली जनशताब्दी एक्सप्रेस में अतिरिक्त एक चेयरकार कोच 26 मार्च को और 12055 नई दिल्ली-देहरादून जनशताब्दी एक्सप्रेस में चेयरकार एक कोच अतिरिक्त 27 मार्च को लगाकर संचालित किया जाएगा। वहीं 14235 वाराणसी-बरेली एक्सप्रेस में अतिरिक्त स्लीपर कोच 21 व 27 मार्च को लगेगा। जबकि 14236 बरेली-वाराणसी एक्सप्रेस में अतिरिक्त स्लीपर कोच 22 से 28 मार्च तक लगाकर संचालित किया जाएगा।

### नवाब कोठी खासबाग की मस्जिद में पढ़ते थे ईद की नमाज

## रियासत काल में तीन दिन चलता था ईद उल फितर का जश्न

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नवाब रामपुर के दरबार में ईद का त्योहार अत्यंत शाही, भव्य तरीके से तीन दिन तक मनाया जाता था। नवाब कड़ी सुरक्षा के बीच कोठी खासबाग वाली मस्जिद में नमाज अदा करते थे। हामिद मंजिर फिलहाल रजा लाइब्रेरी में दावतें चलती थीं। लोग नवाब को नज्र पेश करते थे, जिसमें सोने चांदी के सिक्के, अशरफियां आदि होते थे नवाब उस पर रख देते थे और वह गरीबों में बांट दिया जाता था।

रियासत की एक मात्र चश्मदीद पूर्व सांसद एवं नवाब रजा अली खां की बहू बेगम नूरबानो बताती


बेगम नूरबानो, पूर्व सांसद।

- शाम को रंग महल में सजती थी रागो-रंग की महफिल

हैं कि ईद का चांद दिखने के बाद जश्न शुरू हो जाता था। ईद के दिन दस्तरख्वान हर खासो आम के लिए खुला रहता था। हामिद मंजिल में


इसी दस्तरखान पर सजते थे लजीज पकवान। ● अमृत विचार

लोग नवाब को नज्र पेश करते थे नवाब उस पर हाथ रख दिया करते थे और वह सोने-चांदी के सिक्के अशरफियां गरीबों में बांट दी जाती थीं। बताती है कि नवाब के अपने गाने, बजाने और नाचने वाले थे। रंग महल में रात को महफिल सजती थी। रियासत में तीन दिन तक ईद का जश्न मनाया जाता था। बताती हैं कि इस जश्न में हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी धर्मों के लोग शामिल होते थे।



नवाब रामपुर कोठीखासबाग वाली मस्जिद में ईद की नमाज पढ़ते थे और फोर्स तैनात रहता था। हामिद मंजिल वर्तमान में रजा लाइब्रेरी में नवाब का दरबार लगता था। लोग नवाब को सोने-चांदी के सिक्के और अशरफियां पेश करते थे। नवाब उस पर हाथ लगा देते थे जो कि, गरीबों में बांट दिए जाते थे।
– डॉ .जहीर सिद्दीकी, वरिष्ठ इतिहासकार

## गैस की किल्लत, एजेंसी संचालक भी परेशान

### नये कनेक्शन और डीबीसी पर रोक का फंडा भी नहीं आ रहा काम, उपभोक्ता उठा रहे मुसीबत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अमेरिका-इजरायल-ईरान के बीच जारी युद्ध के चलते रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत कम नहीं हो रही है। आपूर्ति न मिलने से एजेंसी संचालक भी परेशान हैं। बुकिंग की समय सीमा 25 दिन तय होने से उपभोक्ता भी पशोपेश में हैं और वह वैकल्पिक उपाय कर रहे हैं। इंडक्शन चूल्हा व इलेक्ट्रिक हीटर की बिक्री भी इन दिनों बढ़ गई है।

घरेलू रसोई गैस व कमर्शियल गैस सिलेंडर की नियमित आपूर्ति न होने से घरों के साथ ही होटल, रेस्टोरेंट संचालक वैकल्पिक उपाय करने में लगे हैं। सरकार के द्वारा घरेलू गैस उपभोक्तों के सिलेंडर बुकिंग की तिथि 25 दिन करने से वह परेशान है। अचानक गैस खत्म होने पर भोजन पकाने के वैकल्पिक उपाय घरों में किए गए हैं। वहीं सरकार के द्वारा नये कनेक्शन और डीबीसी पर रोक का फंडा भी काम


गैस सिलेंडर से भरा टेंपो।

- 25 दिन की बुकिंग की समय सीमा तय होने से पशोपेश में हैं उपभोक्ता

नहीं आ रहा है। गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी व अवैध भंडारण रोकने के लिए की जा रही छापेमारी से कई गैस एजेंसी संचालक इन दिनों दोहरी मुश्किल में हैं। कुछ एजेंसी संचालकों का कहना है कि वह एक तरफ तो उपभोक्ताओं का दबाव दिन भर झेल रहे हैं ऊपर से पूर्ति विभाग व प्रशासन की अन्य टीमों के पहुंचने पर रिकॉर्ड दिखाने में काफी समय बीत रहा है। समय से सिलेंडर की


सिलेंडर ले जाता डिलीवरी मैन।

आपूर्ति भी नहीं मिल रही है। जिससे डिलीवरी में समय लगना स्वाभाविक है। लेकिन इसे न तो उपभोक्ता समझ रहे हैं और न अधिकारी।

कई होटल व रेस्टोरेंट संचालकों ने भी अपने कारोबार को जारी रखने के लिए मिट्टी व लकड़ी के चूल्हे भी बनाकर काम चला रहे हैं। हालांकि बड़े होटलों में पाइपलाइन के माध्यम से गैस की आपूर्ति हो रही है फिर भी अचानक किसी अवरोध की स्थिति में वैकल्पिक उपाय भी रखे गए हैं। वहीं घरों में किचेन की व्यवस्था न बिगड़े इसलिए बहुत से लोगों ने इंडक्शन और इलेक्ट्रिक हीटर भी खरीद लिया है। घरों में भी कई पकवानों की बजाय पेट भरने के लिए जरूरी भोजन की बन रहे हैं। कुछ घरों में कई बार चाय काफी की जगह कोल्ड ड्रिंक्स को भी प्राथमिकता दी जा रही है। जिलापूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह का कहना है कि गैस आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। एजेंसियों पर स्टॉक सत्यापन के दौरान बैकलॉग और वितरण की स्थिति भी देखी जा रही है जिससे पारदर्शिता बनी रहे। उपभोक्ताओं से अपील है कि वह अतिरिक्त सिलेंडर भंडारण के लिए परेशान न हों।

### चाय-समोसे से खाने की थाली तक महंगी, नहीं मिल रहा कमर्शियल सिलेंडर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कमर्शियल गैस सिलेंडर की किल्लत ने होटल, ढाबा और रेस्तरां संचालकों की परेशानी बढ़ा दी है। हालात यह हैं कि सिलेंडर की आपूर्ति समय पर नहीं हो पा रही, जिससे रोजमर्रा के खाद्य पदार्थों की कीमतें लगातार बढ़ रही है। चाय-समोसे से लेकर पूरी खाने की थाली तक महंगी हो गई है। व्यवसायियों का कहना है कि कमर्शियल सिलेंडर आसानी से उपलब्ध नहीं हो रहा। कई बार उन्हें अतिरिक्त कीमत देकर भी सिलेंडर की व्यवस्था करनी पड़ रही है। इससे उनकी लागत बढ़ रही है, जिसका सीधा असर ग्राहकों पर पड़ रहा है। पहले 10 रुपये में मिलने वाली चाय अब 12 से 15 रुपये तक पहुंच गई है, वहीं समोसे और अन्य नाश्ते के दाम भी बढ़ गए हैं। आठ रुपये का समोसा जहां अब एक 15 रुपये में मिल रहा है तो वहीं, खाने की थाली पर भी 30 रुपये महंगी होकर 110 रुपये की हो गई है। हरपाल नगर में एक ढाबा संचालक रोहित ने बताय कि गैस सिलेंडर न मिलने से काम मुश्किल हो रहा है। ऐसे में उन्हें या तो सीमित मात्रा में भोजन तैयार करना पड़ रहा है या फिर महंगे विकल्पों का सहारा लेना पड़ रहा है। कुछ स्थानों पर लकड़ी और कोयले का इस्तेमाल भी बढ़ा है, जिससे प्रदूषण की समस्या भी बढ़ सकती है।

## पुलिस के सामने मारपीट में 10 नामजद, तीन गिरफ्तार


पुलिस पार्टी पर हमला करने में गिरफ्तार आरोपी। ● अमृत विचार

संवाददाता, भोजपुर (मुरादाबाद)

**अमृत विचार :** भोजपुर थाना क्षेत्र के सेहल गांव में जांच के दौरान दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के 5-5 नामजद समेत अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया। 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अन्य की तलाश जारी है।

भोजपुर थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि सेहल गांव में प्रधान के कार्यों की शिकायत के बाद समाज कल्याण विभाग की टीम जांच के लिए पहुंची थी। इसी दौरान शिकायतकर्ता और प्रधान पक्ष के बीच कहासुनी हो गई, जो हिंसक झड़प में बदल गई। दोनों पक्षों के लोगों ने जांच टीम और

- गांव सेहल में प्रधान पर अनियमिताओं की शिकायत की जांच के दौरान हुई मारपीट

पुलिसकर्मियों के सामने एक-दूसरे पर हमला कर दिया। दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए। मौके पर शिकायतकर्ता पक्ष के करीब 5 लोग मौजूद थे, जबकि प्रधान पक्ष के दर्जनों लोग एकत्र थे। पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं और युवतियां भी मारपीट में शामिल हो गईं। अतिरिक्त पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को काबू में किया। उन्होंने बताया कि मारपीट में दोनों ओर से 10 लोगों पर मुकदमा दर्ज कर तीन लोगों को पकड़ कर जेल भेज दिया गया है।

## सीबीएसई के दूसरे टर्म की परीक्षा के लिए एलओसी शुरू

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने वर्ष 2026 की 10वीं की दूसरी बोर्ड परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों की एलओसी (नामावली) जमा करने की प्रक्रिया 18 मार्च से शुरू कर दी है। यह परीक्षा मई में आयोजित की जाएंगी। बोर्ड ने यह व्यवस्था राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत लागू की है, जिससे विद्यार्थियों को सत्र में दो बार परीक्षा देकर अपने अंकों में सुधार का अवसर मिल सके।

नामावली जमा करने की प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी की जाएगी। प्रथम चरण 18 मार्च से 31 मार्च तक चलेगा। द्वितीय चरण पहली परीक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद पांच दिनों तक रहेगा, जबकि तृतीय चरण में विलंब शुल्क के साथ दो दिनों तक आवेदन किया जा सकेगा। यह पूरी प्रक्रिया विद्यालयों के माध्यम से ही संपन्न होगी। परीक्षा शुल्क के रूप

- मई में होगी दूसरी परीक्षाएं, तीन विषयों तक अंक सुधारने का मिलेगा अवसर

में प्रत्येक विषय के लिए 320 रुपये निर्धारित किए गए हैं। तीन विषयों के लिए कुल 960 रुपये देने होंगे। विलंब से आवेदन करने पर 2000 रुपये अतिरिक्त शुल्क लिया जाएगा। स्थानांतरण प्रमाण पत्र के लिए 350 रुपये निर्धारित किए गए हैं।

इस परीक्षा में वही विद्यार्थी सम्मिलित हो सकेंगे, जिन्होंने फरवरी-मार्च में आयोजित पहली बोर्ड परीक्षा में हिस्सा लिया हो। विद्यार्थी अधिकतम तीन मुख्य विषयों में सुधार के लिए परीक्षा दे सकते हैं। साथ ही जिन विद्यार्थियों को पहली परीक्षा में कंपार्टमेंट मिला है, वे भी इसमें शामिल हो सकेंगे। सीबीएसई की सिटी कोऑर्डिनेटर शशि शर्मा ने कहा कि यह निर्णय विद्यार्थियों के हित में है। इससे उन्हें अपने अंकों में सुधार का एक और अवसर प्राप्त होगा।

## निर्विवाद वरासत के मामले चेक करते रहें उपजिलाधिकारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने धारा-145 के अंतर्गत वादों का निस्तारण समय सीमा बीतने के बाद भी न होने पर नाराजगी जताई। तीन वर्ष से अधिक अवधि के छह मामले लंबित होने पर उन्होंने एआईजी स्टाम्प को कोर्ट में बेहतर तरीके से कार्य करने और मामलों को समय से निस्तारित करने का निर्देश दिया।

उपजिलाधिकारी कार्यालयों में 10,521 पत्रावलियां अभी तक दाखिल दफ्तर न होने पर मंडलायुक्त ने तहसीलदारों को तत्काल पत्रावलियां दाखिल करने के निर्देश दिए। एसडीएम से कहा कि निर्विवाद विरासत के मामलों को चेक कर लेखपाल द्वारा खतौनियों में गलत अंश निर्धारण करने तथा डाटा का गलत विभाजन करने पर निगरानी रखने का निर्देश दिया। कहा कि कानूनगों की कार्यप्रणाली पर भी नजर रखें। डीएम अनुज सिंह, अपर आयुक्त अरुण कुमार सिंहव अन्य उपस्थित रहे।

## पत्रावलियां लेकर घूमने वाले लेखपालों पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में विभिन्न कार्यालयों का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने संयुक्त कार्यालय, भूलेख, रिकॉर्ड रूम सहित कई अन्य अधिकारियों के कार्यालयों व कोर्ट का भी भ्रमण कर व्यवस्था देखी। मंडलायुक्त ने पत्रावलियों के उचित रखरखाव न होने पर नाराजगी जताकर इसे सुव्यवस्थित व अपडेट रखने का निर्देश दिया। पता लगा कि कई महत्वपूर्ण पत्रावलियां कई ऐसे लेखपाल लेकर घूम रहे हैं जो या तो स्थानांतरित हो गए हैं या सेवानिवृत्त हो गए हैं। मंडलायुक्त ने ऐसे लेखपालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश जिलाधिकारी को दिया।

कलेक्ट्रेट पहुंचने पर मंडलायुक्त को गार्ड आफ आनर दिया गया। जिलाधिकारी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद निरीक्षण का क्रम शुरू हुआ। संयुक्त कार्यालय,


कलेक्ट्रेट में संयुक्त कार्यालय का निरीक्षण करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह।

- जिलाधिकारी को उत्तरदायित्व तय कर कार्रवाई का मंडलायुक्त ने दिया निर्देश, प्राथमिकी भी दर्ज कराएं

रिकॉर्ड रूम, नजारत, अपर जिलाधिकारियों के कार्यालय के साथ ही जिलाधिकारी कोर्ट, कार्यालय व अन्य अनुभागों में पहुंचकर पत्रावलियों के रखरखाव की जानकारी ली। संयुक्त कार्यालय में भी कई रिकॉर्ड व्यवस्थित न होने पर पटल सहायकों को उन्होंने फटकार लगाते हुए व्यवस्थित तरीके से पत्रावलियों को अपडेट स्थिति में रखने का निर्देश दिया। इस दौरान कई पत्रावलियों के न होने या लेखपाल के द्वारा हैंडओवर न करने की जानकारी पर वह नाराज हुए। मंडलायुक्त ने कहा कि जो लेखपाल स्थानांतरित हो गए हैं या सेवानिवृत्त हो गए हैं और पत्रावलियों या खतौनी को अपने पास रखा है जिससे हेराफेरी या कूटरचना की संभावना हो ऐसे लेखपालों के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज कराएं। उत्तरदायित्व तय कर दोषियों पर भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

मंडलायुक्त ने सीलिंग, नजूल की पत्रावलियों की सही तरीके से छंटाई कर उसका रिकॉर्ड मेंटेन रखने का निर्देश दिया। कहा कि जिससे कई वर्षों पुरानी लंबित पत्रावलियों के बारे में अधिकारियों को भी जानकारी लेने में आसानी हो सके। क्योंकि कई बार जिलाधिकारियों को ही पुराने मामलों की जानकारी नहीं रहती है, यह चिंताजनक है। उन्होंने बताया कि कोर्ट केस के लंबित पत्रावलियों के संबंध में उप जिलाधिकारियों के साथ बैठक में व्यवस्थित तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया है। कहा कि पत्रावलियों का हिसाब किताब और सिस्टमेटिक तरीके से रखरखाव सुनिश्चित होना चाहिए। मंडलायुक्त ने बताया कि रामपुर, बिजनौर, मुरादाबाद सहित अन्य जिले में निरीक्षण में सभी जिलाधिकारियों को पत्रावलियों व खतौनी के उचित रखरखाव व लेखपालों के स्थानांतरण या सेवानिवृत्त होने पर बिना खतौनी जमा किए नोड्यूज न देने का निर्देश वार्षिक निरीक्षणों में दिया है।

### चौपाल में मंडलायुक्त ने लोगों से किया संवाद

कलेक्ट्रेट के निरीक्षण के बाद मंडलायुक्त ने इस्लामपुर रमपुरा में ग्राम चौपाल में लोगों से संवाद किया। ग्राम चौपाल में गंदे पानी की निकासी के लिए नाली न बने होने या टूटने, संपर्क मार्गों की खस्ताहाली, श्मशान घाट, टीकाकरण, शौचालय, क्षयरोगियों की पहचान के लिए किए जा रहे सर्वे आदि के बारे में जानकारी ली। कुपोषित बच्चों का मुद्दा भी उठा। जिस पर मंडलायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कुपोषित और अतिकुपोषित बच्चों को पोषण युक्त आहार, आंगनबाड़ी केंद्रों में ऐसे बच्चों की उचित देखभाल और अतिकुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कर उनके इलाज और पोषण की उचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। ग्राम चौपाल में बिजली संबंधित शिकायतें न आने पर मंडलायुक्त ने हैरत जताई।

**हादसों पर कसेगी लगाम** | दुर्घटनाओं को देखते हुए परिवहन विभाग और यातायात पुलिस हाईवे पर चलाएगी अभियान

## ओवरस्पीड वाहनों पर कार्रवाई, लाइसेंस भी होंगे निरस्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले में बढ़ते सड़क हादसों और उनमें हो रही मौतों को गंभीरता से लेते हुए अब प्रशासन सख्त कदम उठाएगा। परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम हाईवे पर अनियंत्रित गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाएगी। इसमें हाईवे पर अनियंत्रित गति से दौड़ते वाहनों को चालानी कार्रवाई में भारी आर्थिक दंड भुगतना पड़ेगा।

संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) संदीप कुमार पंकज ने बताया कि अभियान में संयुक्त रूप से परिवहन विभाग और यातायात का एक विशेष दस्ता हाईवे पर तैनात रहेगा। जो ओवरस्पीड और लापरवाही से वाहन चलाने

- आधुनिक उपकरणों से वाहनों की गति पर लगाया जाएगा नियंत्रण

वालों पर नजर रखेगा। यह टीम आधुनिक उपकरणों की मदद से वाहनों की गति पर नियंत्रण सुनिश्चित करेगी। अभियान के तहत तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों के तुरंत चालान काटे जाएंगे। बार-बार नियम तोड़ने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे। जरूरत पड़ने पर वाहनों को भी सीज किया जा सकता है। इस कदम का उद्देश्य सड़क हादसों में कमी लाना और लोगों में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

उन्होंने बताया कि हाल ही में मूंढापांडे क्षेत्र में तेज रफ्तार के कारण हुए एक भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की जान चली गई थी। इस घटना को गंभीरता से लिया जा रहा है और इसके बाद हाईवे पर सख्ती बढ़ाने का निर्णय लिया गया। सड़क हादसों में लगातार बढ़ रही मौतों की संख्या को लेकर उच्च स्तर पर भी चिंता जताई गई है। वाहन चालकों से अपील की है कि वे निर्धारित गति सीमा का पालन करें, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करें तथा यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें।

### 36 ब्लैक स्पॉट में 32 में सुधार, 4 बने दुर्घटना केंद्र

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले में बढ़ते सड़क हादसों के बीच सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ रही है। लोक निर्माण विभाग ने वर्ष 2021 से 2025 के बीच जिले में 36 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए थे, जिनमें से 32 पर शॉर्ट टर्म और लॉन्ग टर्म व्यवस्था में सुधार कार्य कराया गया। वहीं चार ब्लैक स्पॉट अभी भी घातक बने है। गुरुवार को लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता एसपी सिंह ने बताया कि वर्ष 2025 में जोड़े गए चार नए ब्लैक स्पॉट-अगवानपुर, उमरी कला, सूरजननगर और पंडित नगला में दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। जबकि एनएचएआई के अंतर्गत चिन्हित 14 ब्लैक स्पॉट में से 10 पर अब तक सुधार कार्य अधूरा है। मूंढापांडे क्षेत्र में सबसे अधिक सड़क हादसे सामने आने के चलते यहां के कई अन्य स्थानों को भी ब्लैक स्पॉट में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इनमें मनकरा गांव का मोड़, जीरो प्वाइंट और रामपुर दोराहा प्रमुख हैं। मूंढापांडे क्षेत्र में मनकरा और जीरो प्वाइंट को ब्लैक स्पॉट में शामिल किया जा सकता है। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि ब्लैक स्पॉट के चयन प्रक्रिया में बनाए गए मानक में किसी 500 मीटर वाले भाग में पांच गंभीर हादसे या फिर उस भाग में सड़क हादसों में मरने वालों संख्या 10 तक पहुंच गई हो ऐसे स्थान को ब्लैक स्पॉट घोषित किया जा सकता है।

**लोक निर्माण विभाग के चयनित ब्लैक स्पॉट**

1- 2021 में ब्लैक स्पॉट -11

2-2022 में ब्लैक स्पॉट -07

3-2023 में ब्लैक स्पॉट-08

4-2024 में ब्लैक स्पॉट-06

5-2025 में ब्लैक स्पॉट 04

## कार-बाइक भिड़ंत में प्रोफसर व पत्नी की मौत


मृतक लक्ष्मीप्रसाद।


मृतका पुष्पारानी।

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार:** गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक आईएफएमटी यूनिवर्सिटी में शिक्षक थे। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

नगर के मोहल्ला भीतरगांव निवासी रामप्रसाद के बेटे लक्ष्मी प्रसाद मुरादाबाद के पकवाड़ा स्थित आईएफटीएम यूनिवर्सिटी में शिक्षक थे। बताया गया कि दो दिन पहले वह किसी बीमार परिचित को देखने अपने गांव आए थे। गुरुवार सुबह वह अपनी पत्नी पुष्पा रानी के साथ बाइक से वापस पकवाड़ा जा रहे थे। इसलिए दौरान करीमगंज स्थित राणा शुगर मिल के पास बिलारी की ओर से आ रही एक आर्टिका कार से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दंपति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। राहगीरों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से दोनों को सीएचसी शाहबाद पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत



**रामपुर/सैदनगर :** अजीम नगर थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। युवक अपनी ससुराल से वापस घर जा रहा था। हादसे की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली मिलक के दीपपुर गांव निवासी अमरपाल (28) की शादी दो वर्ष पूर्व अजीमनगर थाना क्षेत्र के मझरा बगड़खा गांव से हुई थी। बुधवार की शाम युवक दावत पर अपनी ससुराल आया था। दावत खाने के बाद रात करीब 9 बजे युवक बाइक से घर के लिए निकला था। थाना क्षेत्र के पैदानगर गांव के पास युवक की बाइक में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद युवक सड़क किनारे खाई में जा गिरा। इलाज के अभाव में रात किसी समय युवक की मौत हो गई। गुरुवार सुबह राहगीरों ने युवक का शव पड़ा देखा तो सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंच गई। पहचान के बाद पुलिस ने मौत की सूचना घर दी तो कोहराम मच गया। कुछ देर के अंदर ही युवक की ससुराल वाले घटनास्थल पर पहुंच गए। थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी, भक्तों की लगी है कतार भवानी

## चैत्र नवरात्र के पहले दिन शैलपुत्री की पूजा को मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब, पूरा दिन मातारानी के गूंजते रहे जयकारे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र के पहले दिन गुरुवार को ब्रह्ममुहूर्त से ही घरों में विधि-विधान के साथ घट स्थापना कर मां दुर्गा की आराधना की गई। मंदिरों और घरों में पूजा-अर्चना, दुर्गा सप्तशती के पाठ और भजनों की गूंज से वातावरण श्रद्धा और भक्तिमय हो गया। मंदिरों में माता रानी के दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। प्रमुख मंदिरों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही।

- **घरों में घट स्थापना कर भक्तों ने रखा व्रत, भजनों से वातावरण श्रद्धा से भरा**

भक्तों ने घरों में शुभ मुहूर्त में घट स्थापना की। कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा का आह्वान किया गया। दुर्गा सप्तशती का पाठ कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। नवरात्र के पहले दिन महानगर के लालबाग स्थित प्राचीन काली मंदिर, कोर्ट रोड स्थित दुर्गा मंदिर, मनोकामना मंदिर और बुधबाजार के दुर्गा मंदिर सहित शहर के सभी प्रमुख देवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भक्तों ने मां भगवती के दर्शन कर प्रसाद और श्रृंगार की सामग्री अर्पित कर परिवार की खुशहाली के लिए कामना की। भोर से ही मंदिरों में मां दुर्गा के भजन और कीर्तन गूंजने लगे। आरती के दौरान माता दी के जयकारों की मंदिर परिसर में गूंज रही।



प्राचीन काली माता मंदिर पर दर्शन के लिए लाइन में लगे श्रद्धालु। • अमृत विचार

### मंदिरों में की गई विशेष व्यवस्था

नया मुरादाबाद स्थित महाकालेश्वर मंदिर, खुशहालपुर के ऋणमुक्तेश्वर मंदिर समेत अन्य देवालयों में विशेष सजावट की गई। फूलों और रोशनी से मंदिरों को आकर्षक रूप दिया गया। भक्तों की संख्या को देखते हुए पुलिस प्रशासन और मंदिर समितियों ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए।

### खूब हुई पूजन सामग्री की खरीदारी

नवरात्र के पहले दिन बाजारों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही श्रद्धालु पूजा सामग्री की खरीदारी के लिए बाजारों में उमड़ पड़े। नारियल, चुनरी, अगरबत्ती, फल, फूल और मिट्टी के कलश की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ रही। दुकानदारों के अनुसार नवरात्रि के चलते खूब बिक्री हुई है।

### द्वितीय ब्रह्मचारिणी



दूसरे दिन नवरात्र में मां के ब्रह्मचारिणी एवं तपश्चारिणी रूप को पूजा जाता है। जो साधक मां के इस रूप की पूजा करते हैं उन्हें तप, त्याग, वैराग्य, संयम और सदाचार की प्राप्ति होती है और जीवन में वे जिस बात का संकल्प कर लेते हैं उसे पूरा करके ही रहते हैं। देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा से मंगल दोष खत्म होता है।

**बीज मंत्र.....**

**माँ ब्रह्मचारिणी: ह्रीं श्री अम्बिकायै नमः।**



**इफ्तार**

शुक्रवार

सुन्नी : 06.29

शिया : 06.40

### प्रभातफेरी निकाल मनाया सृष्टि रचना दिवस



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आर्य समाज द्वारा गुरूवार को सृष्टि रचना दिवस (नवसंवत्सर) पर महानगर के मुख्य मार्गों पर प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभात फेरी की शुरुआत यज्ञरथ पर वैदिक पुरोहित वीरेंद्र आर्य ने ज्ञानेंद्र गांधी की यज्ञमानी में दैनिक यज्ञ से किया। सबसे आगे ओ *म् ध्वज वाहक अर्जुन सिंह चले। आर्यवीर दल के आर्यवीर घोष बजाते हुए चल रहे थे जिसमे भारतीय वाद्ययंत्रों का संगीत प्रदर्शित किया गया। नवसंवत्सर उत्सव आर्य समाज स्टेशन रोड पर 21 और 22 मार्च को मनाने संबंधित निमंत्रण पत्रक वितरित किया गया। प्रभातफेरी आर्य मंडी बांस से मंडी चौक, अमरोहा गेट, चौमुखा पुल, कोतवाली, बाजार गंज, गुरहट्टी, स्टेशन रोड, गुरु गोविंद सिंह चौक, गुलज़ारी मल की धर्मशाला रोड, बुद्ध बाजार चौक से आर्य समाज स्टेशन रोड पर सम्पन्न हुई। संचालन आर्य समाज के मंत्री एडवोकेट रमेश सिंह आर्य ने किया। कपिल मुनि, सूर्य प्रकाश द्विवेदी, लोकेश आर्य, आर्येंद्र आर्य, डा. राम मुनि, डा. आलोक कुमार, धवल दीक्षित अरविन्द आर्यबंधु, मयंक आर्य, निर्मल आर्य, राकेश कुमार, मनोज योगगुरु, कुसुम आर्य, प्रीता आर्य, आशा जैमिनी, उमेश आर्य, वीके अग्रवाल, पं लालकिशोर शास्त्री, पूनम शास्त्री, शन्नो गुप्ता, कमलेश गोयल उषा गुप्ता, गायत्री आर्य, दिनेश दीक्षित, मथुरा प्रसाद, जितेन्द्र सिंह, सतीश मदान, अजब सिंह आर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### नव संवत्सर में न्याय, सत्य और समाज सेवा का लिया संकल्प

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ नव संवत्सर का स्वागत किया। अधिवक्ता नीरज सोलंकी ने कहा कि हिन्दू नववर्ष भारतीय संस्कृति, परंपरा और नव ऊर्जा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें नई प्रेरणा देता है कि हम अपने कर्तव्यों का निष्ठा और ईमानदारी से पालन करें। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से आह्वान किया कि वह न्याय, सत्य और समाज सेवा के मार्ग पर चलते हुए आमजन को त्वरित और निष्पक्ष न्याय दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। एसोसिएशन के महासचिव कपिल गुप्ता और ठाकुर ओमवीर सिंह ने कहा कि नव संवत्सर केवल एक नया वर्ष नहीं, बल्कि नई सोच और सकारात्मक दृष्टिकोण का आरंभ है। रंजीत सिंह, जितेंद्र प्रताप सिंह उर्फ जे.पी., रमेश आर्य, आशुतोष शर्मा, विशेष चौहान, राजा तिलक धारी, विनोद गुप्ता, बंटी राणा, अनुराग सिंह, विनीत भटनागर आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## नवसंवत्सर 2083 का उमंग के साथ किया गया स्वागत



लाजपत नगर में भजन संध्या में शामिल महिलाएं। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नवसंवत्सर 2083 का उमंग और उल्लास से स्वागत किया गया। मंदिरों में विशेष अनुष्ठान, पूजन और मंत्रोच्चार की गूंज सुनाई दी, घरों में भी पूजा पाठ किया गया। छतों पर नवसंवत्सर के ध्वज लगाए गए। बाजारों में भी धूम रही। घरों में देर रात तक परिजन नाम संकीर्तन कर प्रभु का गुणगान करते रहे।

नवसंवत्सर के अवसर पर बाजारों में विशेष चहल-पहल रही। पूजा सामग्री, ध्वज और सजावटी वस्तुओं की बिक्री में तेजी आई। लाजपत नगर में भक्ति परिवार महिला संकीर्तन मंडल की ओर से नवसंवत्सर के साथ नवरात्र के पहले दिन माता रानी का गुणगान किया गया। अध्यक्ष नीलम बंसल, अनीता श्रीवास्तव, सरिता गुप्ता, ऋतु टंडन, सुमन, ममता, नीरा, मोनिका आदि रहीं।

## कर्मचारी से मारपीट मामले में कटघर थाना प्रभारी निलंबित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सैदपुर पल्ला गांव में एपीपीसीएल कंपनी के कर्मचारी के साथ मारपीट के मामले में विवेचक की लापरवाही कटघर थाना प्रभारी को भारी पड़ी। एसएसपी सतपाल अंतिल ने थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया।

एक महीने पहले गांव सैदपुर पल्ला में पाइपलाइन डालने के दौरान कंपनी के एक कर्मचारी के साथ मारपीट की गई थी। कटघर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। विवेचक के द्वारा समय रहते उचित कार्रवाई न करने और विवेचना में लापरवाही का खामियाजा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली विनोद कुमार को भुगतना पड़ा। विवेचक की लापरवाही पर एसएसपी ने कटघर थाना प्रभारी को निलंबित कर इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह को कटघर कोतवाली का नया प्रभारी बनाया।

## ईद पर सतर्कता: शहर को 6 जोन, 11 सेक्टर में बांटा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **सीसीटीवी और ड्रोन से की जाएगी निगरानी, सड़क व सार्वजनिक स्थान पर नहीं पढ़ी जाएगी नमाज**
- **तीन कंपनी पीएसी व एक हजार पुलिसकर्मियों की सुरक्षा व्यवस्था में अदा होगी ईद की नमाज**

**अमृत विचार :** ईद को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए ईदगाह मैदान के बार सुरक्षा व्यवस्था में तीन कंपनी पीएसी और एक हजार पुलिसकर्मी लगाए गए हैं। ईदगाह के मैदान में दो वक्त नमाज पढ़ी जाएगी। जिले के 45 ईदगाह और 250 मस्जिदों में नमाज पढ़ी जाएगी। मस्जिदों के इमाम मुताब्बली और इमाम ईदगाह के साथ बैठक में पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि शासन की मंशा के अनुरूप सड़क या सार्वजनिक स्थान नमाज नहीं पढ़ी जाएगी। किसी तरह के विवाद करने वाले को कठोर कार्रवाई से हो कर गुजरना होगा। नमाज के वक्त सीसीटीवी और ड्रोन की निगरानी की जाएगी।

एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि ईद की नमाज को लेकर महानगर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करते हुए इसे 6 जोन और 11 सेक्टरों में विभाजित किया गया है।जहां प्रशासनिक स्तर पर जिला स्तरीय अधिकारी तैनात रहेंगे। ईदगाह को सेक्टर और जोन में तैनात किए गए अधिकारी ईदगाह मैदान के चारों तरफ तैनात रहेंगे। सुरक्षा के लिए दो कंपनी पीएसी महानगर और एक कंपनी पीएसी को देहात क्षेत्र में लगाया गया है। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्कवायड के एसओजी भी ईदगाह मैदान पर तैनात रहेगी। जिले के 45 ईदगाह के इमाम और 250 मस्जिदों के मुतवल्लियों से वार्ता कर शासन की मंशा के बारे में स्पष्ट बता दिया गया है। ईदगाह के मैदान के बाहर सड़क या किसी भी सार्वजनिक स्थान पर नमाज पढ़ने की अनुमति नहीं है। ईदगाह में दो वक्त नमाज पढ़ने की व्यवस्था की गई है। जिसमें सुबह आठ बजे से पहले और दूसरी नमाज साढ़े आठ बजे पढ़ी जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए कोतवाली, थाने और चौकी प्रभारियों से निरंतर संपर्क में हैं।

सुरक्षा व्यवस्था में गलियों में दंगा नियंत्रण उपकरण रखे गए है सभी 112 डायल गाड़ियों उपकरणों से लोड किया है। प्रत्येक जोन और सेक्टर में अधिकारी मौके पर मौजूद रहेंगे और स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखेंगे। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। देहात क्षेत्रों में नमाज के दौरान व्यवस्था बनाए रखने के लिए 8 सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है जिसके साथ एक कंपनी पीएसी लगाई गई है। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त फोर्स की तैनाती की गई है। ईदगाह और उसके आसपास के गली-मोहल्लों में सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की जा रही है। टीमें प्रमुख स्थानों पर जांच और निगरानी करेंगी, जिससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि को समय रहते रोका जा सके।

एसपी सिटी ने बताया कि किसी भी ईदगाह मैदान के बाहर या किसी मस्जिद के बाहर नमाज पढ़ने को लेकर विवाद करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे आपसी भाईचारे और शांति के साथ त्योहार मनाएं। अफवाहों से बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### न्यूज ब्रीफ

### धूमधाम से मनाया नवसंवत्सर 2083

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गुरुवार को श्री सनातन धर्मसभा के तत्वावधान में बनवटा गंज बगिया में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर नवसंवत्सर 2083 उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित बृजेश वशिष्ठ और डॉ. मुकुल शास्त्री ने विधि-विधान से पूजन कर किया। सभा के अध्यक्ष महेश चंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष दर्शन कुमार मित्तल, कोषाध्यक्ष जय नारायण शास्त्री, संयुक्त मंत्री ओम प्रकाश गोयल एवं मंत्री डॉ. बृजपाल सिंह यादव ने पूजन कार्य संपन्न कराया। कार्यक्रम में संजीव आकांक्षी ने हिंदू धर्म की प्राचीन परंपराओं पर प्रकाश डालते हुए चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के महत्व के बारे में बताया। साथ ही भजन से माहौल भक्तिमय हो गया। महेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि संस्था वर्ष 1951 से समाज में धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का संचालन कर रही है। अंत में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद एवं संवत 2083 का तिथि पत्र वितरित किया।

### गुजरात में मेरा युवा भारत के राज्य निदेशक बने सचिन शर्मा



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने मुरादाबाद निवासी सचिन शर्मा को गुजरात में मेरा युवा भारत का राज्य निदेशक (प्रभारी) नियुक्त किया है। वह जुलाई 2019 से सूरत में उप-निदेशक के पद पर कार्यरत थे और पिछले सात वर्षों में उनके उत्कृष्ट कार्य व प्रशासनिक दक्षता को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। सचिन शर्मा के पिता सेवानिवृत्त शिक्षक हैं, जबकि माता गृहणी हैं। उनकी धर्मपत्नी भी गुजरात में जिला युवा अधिकारी के रूप में सेवाएं दे रही हैं। उनकी इस उपलब्धि पर शहर में खुशी है। स्थानीय लोगों ने इसे जिले के लिए गौरव का विषय बताते हुए बधाई दी। नई भूमिका में वह गुजरात के युवाओं को नेतृत्व और डिजिटल सशक्तिकरण से जोड़ने का कार्य करेंगे।

## बूंदाबांदी और ठंडी हवा चलने से मौसम सुहाना



दिन भर छाए रहे बादल। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** गुरुवार को भोर में हुई हल्की बूंदाबांदी और ठंडी हवा के चलते मौसम सुहाना हो गया। मौसम का यह बदला हुआ मिजाज दिनभर बना रहा।

दोपहर करीब 12 बजे फिर से बूंदाबांदी शुरू हो गई, जो लगभग एक घंटे तक जारी रही। इस दौरान आसमान पूरी तरह बादलों से ढका रहा। हालांकि, दोपहर करीब तीन बजे हल्की धूप निकली, लेकिन तेजी नहीं थी, जिससे ठंडक बनी रही। मौसम में आए इस बदलाव का असर जनजीवन पर भी देखने को मिला। लोगों को गर्मी से राहत मिली और दिनभर मौसम सुहावना बना रहा। हल्की ठंडक के कारण कुछ लोगों ने हल्के गर्म कपड़ों का भी सहारा लिया। बाजारों और सड़कों पर सामान्य दिनों की तुलना में भीड़ थोड़ी कम नजर आई।

मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### मौसम में उतार-चढ़ाव को लेकर रहें सतर्क

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मौसम में बदलाव का असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। सुबह-शाम ठंड और दिन में गर्माहट से सर्दी, जुकाम, बुखार और गले में खराश जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। गुरुवार को तो दिन भर ठंडी हवा चली, दोपहर बाद हल्की धूप निकली, जिससे एलर्जी से पीड़ित लोगों को काफी परेशानी हुई तो वहीं, पुरानी चोटों का दर्द उभर आने से लोग परेशान हुए। चिकित्सकों के अनुसार ऐसे मौसम में खासकर बच्चों और बुजुर्गों को अधिक सावधानी बरतने की जरूरत है, क्योंकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता अपेक्षाकृत कमजोर होती है। जनरल फिजिशियन डॉ. आशीष कुमार सिंह का कहना है कि मौसम के अचानक बदलने पर शरीर तुरंत अनुकूलन नहीं कर पाता, जिससे वायरल संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। लोगों को ठंडी चीजों से परहेज करना चाहिए और हल्के गर्म कपड़े पहनने चाहिए। वहीं, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि बच्चों में इस समय सर्दी-खांसी और बुखार के मामले बढ़ रहे हैं। अभिभावकों को चाहिए कि बच्चों को सुबह-शाम ठंडी हवा से बचाएं और उनके खानपान का विशेष ध्यान रखें। डॉक्टरों के अनुसार, इस मौसम में बचाव के लिए कुछ सावधानियां जरूरी हैं।

## सोनकपुर स्टेडियम ने जीती जूनियर बालक कबड्डी चैंपियनशिप

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में गुरुवार को जिला स्तरीय जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

लीग मुकाबलों के बाद पहले सेमीफाइनल में ग्रीन मिडोज ने भगतपुर ब्लॉक को 15-8 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में सोनकपुर स्टेडियम ने केकेपीएस अकादमी को 13-07 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम ने ग्रीन मिडोज पर 23-22 से रोमांचक जीत दर्ज की। इससे पहले क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। अंकुर गुप्ता, विजेन्द्र पाल, हरविंद्र, प्रियांशु, रवि कुमार, रोहित कुमार, अभिषेक कुमार आदि मौजूद रहे।

## रुक्मणी अकादमी ने रुद्र लायंस को 37 रन से हराया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अंडर-19 वनडे कप में रुक्मणी क्रिकेट अकादमी ने रुद्र लायंस क्रिकेट अकादमी, रुद्रपुर को 37 रन से हरा दिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रुक्मणी क्रिकेट अकादमी की टीम 37.2 ओवर में 192 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से मोहम्मद कैफ ने 81 रनों की पारी खेली। अंश यादव ने 48 और मोहम्मद उस्मान ने 29 रन का योगदान दिया। रुद्र लायंस की ओर से अभिमन्यु कांडपाल ने चार विकेट झटके, जबकि निदिश पचौरी और देव जोशी ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी रुद्र लायंस टीम 36.1 ओवर में 155 रन पर सिमट गई। हार्दिक ग्रोवर ने 39, देव जोशी ने 27 और सत्यम सागर ने 25 रन बनाए। रुक्मणी की ओर से मोहम्मद कामरान ने छह ओवर में 19 रन देकर पांच विकेट लिए। मोहम्मद अरीब ने तीन विकेट हासिल किए। मोहम्मद कामरान को मैन ऑफ द मैच और मोहम्मद कैफ को गेम चेंजर चुना गया।



मोहम्मद कामरान और मोहम्मद कैफ को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते आयोजक।

## यूपी बोर्ड: गीत, शायरी तो किसी ने कॉपियों में लिखी प्रार्थना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **सर, पास कर दीजिए जैसी अपील की तो किसी ने पारिवारिक समस्याएं लिखीं**
- **4,22,922 उत्तर पुस्तिकाएं मिलीं जिनमें 34,288 कॉपियों की जांच पूरी**

**अमृत विचार :** जिले में यूपी बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन दूसरे दिन और तेज गति से जारी रहा। अब तक कुल 4,22,922 उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए प्राप्त हो चुकी हैं, जिनमें से 34,288 कॉपियों की जांच पूरी कर ली गई है। यह कुल उत्तरपुस्तिकाओं का 13.70 प्रतिशत है।

मूल्यांकन कार्य के दौरान शिक्षकों को कई रोचक और चौंकाने वाले उत्तर भी देखने को मिल रहे हैं। परीक्षकों के अनुसार कई विद्यार्थियों ने प्रश्नों के उत्तर देने के बजाय फिल्मी गाने, शायरी और प्रेरक पंक्तियां लिख दी हैं। कुछ छात्रों ने कॉपी में सर, पास कर दीजिए जैसी भावनात्मक अपील भी की है। वहीं कई उत्तर पुस्तिकाओं में भगवान का नाम लिखकर अच्छे अंक देने की प्रार्थना की है। एक शिक्षक ने बताया कि कुछ कॉपियों में प्रश्न से संबंधित कोई उत्तर नहीं मिला, बल्कि पन्ने भरने के लिए कुछ विद्यार्थियों ने अपनी पारिवारिक समस्याओं का जिक्र करते हुए सहानुभूति हासिल करने का प्रयास भी किया है। हालांकि शिक्षकों का स्पष्ट कहना है कि मूल्यांकन पूरी तरह निष्पक्ष है और अंक केवल सही उत्तर के आधार पर ही दिए जाते हैं। इस तरह की भावनात्मक अपीलों का परिणाम पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

### आंकड़ों पर एक नजर

- कुल प्राप्त कॉपियां : 4,22,922
- अब तक जांची गईं : 34,288
- शेष कॉपियां : 3,64,996
- प्रगति : 13.70%

### केंद्रवार मूल्यांकन (दूसरे दिन)

- महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज : 7,185
- जीजी हिंदू इंटर कॉलेज : 6,148
- पारकर इंटर कॉलेज : 7,428
- हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज : 6,049
- एचएसबी इंटर कॉलेज : 7,478

## एलाइड हेल्थ एंड फोरेंसिक इन्वेस्टिगेशन पर कॉन्फ्रेंस 27 से

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ़ एलाइड एंड हेल्थकेयर साइंसेज की ओर से एलाइड हेल्थ एंड फोरेंसिक इन्वेस्टिगेशन-2026 पर दो दिनी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस 27 मार्च से होगा।

इसमें उत्तराखंड सरकार में चिकित्सा शिक्षा निदेशक डॉ. अजय आर्य मुख्य अतिथि, जबकि एसआईएफएस- इंडिया के संस्थापक एवं सीईओ डॉ. रणजीत सिंह विशिष्ट अतिथि रहेंगे। यूनिवर्सिटी ऑफ़ द फ़िलीपींस मनीला में कॉलेज ऑफ़ आर्ट्स एंड साइंसेज की डीन डॉ. टेरेसा गुआज़ोन डी गुज़मैन व्याख्यान देंगे। प्रिंसिपल प्रो. नवनीत कुमार ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में 13 कीनोट लेक्चर, 100 साइंटिफिक पेपर्स और पोस्टर प्रेजेंटेशन, पैनल डिस्कशन और जाने-माने एक्सपर्ट और स्कॉलर्स के इंटरैक्टिव सेशन होंगे।

## टैक्स बकाया पर सांवलदास धर्मशाला सील

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नगर निगम की टीमों ने गुरुवार को भी गृहकर व जलकर के बकाएदारों के खिलाफ कार्रवाई की। टीमों ने बड़े बकाएदारों के प्रतिष्ठान सील कर दिए। साथ ही 60 लाख 55 हजार 917 रुपये का टैक्स राजस्व भी वसूल किया।

नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल के निर्देश पर गृहकर व जलकर के बकाएदारों से वसूली में सख्ती बरती जा रही है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में टीमों ने अब्दुल वाहिद के प्रतिष्ठान को 79,654.98 रुपये के टैक्स बकाए के चलते सील कर दिया। सांवलदास धर्मशाला कोठीवाल नगर के प्रबंधक पर 21,99,623.70 रुपये की बकाएदारी थी जिसके चलते उसे सील किया गया। अनवर हुसैन पर 3,64,133.56 रुपये और मोहम्मद इस्लाम पर 2,02,766.02 रुपये की बकाएदारी में प्रतिष्ठान सील किए गए। वहीं सुभान अली पर 1,35,941.94 रुपये और हमीदन पर 91,396.64 व नन्ने खान पर 1,07,989.16 रुपये का टैक्स जमा न करने पर प्रतिष्ठान पर सील लगाया गया।

बब्बन पुत्र मो. फारूख पर 2,05,353.76 रुपये और लियाकत हसन पर 1,72,369 रुपये और मो. मुसाउददीन पर 3,81,759.82 रुपये बकाया था जिसके चलते प्रतिष्ठान सील किया गया। वहीं जुल्फिकार पर 1,57,643 रुपये और ईदगाह निवासी अबरार पर 3,94, 380.77 रुपये और कोठीवाल नगर निवासी कुलवन्त सिंह पर 11,50,585.59 रुपये का बकाया था। इसके अलावा मोहल्ला ठठेरा, पीरजादा, करूला, पंडित नगला, दिल्ली रोड, कांठ रोड एवं रामपुर रोड आदि क्षेत्र में 18 भवनों की भी सीलिंग की कार्रवाई की गई। टीमों ने 60 लाख 55 हजार 917 रुपये का टैक्स राजस्व भी वसूल किया। इस दौरान कर अधीक्षक प्रदीप कुमार चौधरी, मंगल सिंह पापड़ा के अलावा सभी राजस्व निरीक्षक/कर संग्रहकर्ता और प्रवर्तन दल के सदस्य कार्रवाई के दौरान मौजूद रहे।

नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि वित्तीय वर्ष के आखिरी महीने में हर हाल में गृहकर व जलकर का बकाया वसूलने का शासन के लक्ष्य के अनुरूप कार्रवाई की जा रही है। किसी को बख्शा नहीं जाएगी। 31 मार्च तक संपत्ति विभाग के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रतिदिन कार्य कर लक्ष्य हासिल करना होगा। अन्यथा लापरवाही बरतने वालों पर भी कार्रवाई करेंगे।

- **60 लाख 55 हजार 917 रुपये का टैक्स वसूल किया गया**



बकाएदारों के प्रतिष्ठान सील करते नगर निगम के कर्मी। • अमृत विचार

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# बिगड़ी बना दे मेरी मैया इस बार नवरात्रों में

## प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा कर श्रद्धालुओं ने लगाई अरदास, घरों और मंदिरों में की पूजा

संवाददाता, कांठ/ ठाकुरद्वारा


माता का गुणगान करतीं श्रद्धालु। ● अमृत विचार


ठाकुरद्वारा में दुर्गा मंदिर में भजन कीर्तन करती महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर में हर्षोल्लास के साथ चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं ने उपवास का प्रारंभ किया।

बृहस्पतिवार से चैत्र नवरात्रों का प्रारंभ हो गया है। नागरिकों ने धूमधाम के साथ अपने अपने घरों में कलश स्थापना, उपवास आदि कर मां शैलपुत्री का गुणगान किया। नवरात्रि के अवसर पर नगर के प्रसिद्ध माता का थान मंदिर, श्री रामलीला मंदिर, रविदास मंदिर, वाल्मीकि मंदिर, पट्टीवाला शिव मंदिर, वैश्य विश्नोई शिव मंदिर, मोहिनी मंदिर आदि मंदिरों पर प्रातः काल से ही श्रद्धालुओं का ताँता लगा रहा। नगर के सभी मुख्य मंदिरों पर प्रातःकाल से ही रौनक दिखाई दी। मंदिरों पर महिलाओं ने भजन गीता गाकर मां दुर्गा का गुणगान किया। नवरात्रों के चलते बाजार भी गुलजार हो गए हैं। बाजारों में दुकानों पर सजे नारियल, माता की चुन्नी आदि पूजन सामग्री के समान देखे जा सकते हैं। दूसरी और नागरिकों ने एक दूसरे को हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। श्री रामलीला मंदिर पर प्रथम शैलपुत्री माता का गुणगान करने वालों में श्रीमती बृजबाला चौहान, जसवंती चौहान, माया बिश्नोई, सुनीता शर्मा, सरोज, रोमा, ममता चौहान, आदि श्रद्धालु महिलाएं मौजूद रहीं।

● **बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर की नवरात्र की शुरुआत**

ठाकुरद्वारा में चैत्र नवरात्र के पावन पर्व की शुरुआत गुरुवार को मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना एवं आराधना से हुई। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं और पूरा वातावरण भक्ति व श्रद्धा से सराबोर हो गया। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर मां शैलपुत्री की पूजा की और परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।

नगर के प्रमुख मंदिरों सनातन धर्म हिन्दू इंटर कॉलेज के निकट स्थित दुर्गा मंदिर, श्री शिव धाम पंचशील मंदिर पिपल टोला, होली चौराहा स्थित शिव मंदिर, कैनाल कॉलोनी शिव मंदिर, वैश्य समाज गली स्थित दुर्गा मंदिर, जाटवान मोहल्ला का दुर्गा मंदिर, 84 घंटा मंदिर और कायस्थान मंदिर सहित अन्य सभी देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना की। शाम के समय मंदिरों में विशेष भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। धार्मिक आस्था के इस पावन अवसर पर सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर भी विशेष ध्यान रखा गया, जिससे श्रद्धालु शांतिपूर्वक दर्शन कर सके।

# संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम में गूंजा विकास का संदेश

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

● **प्रदेश सरकार की नौ वर्षों की उपलब्धियां गिनाईं**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर गुरुवार को विकासखंड ठाकुरद्वारा सभागार में "संकल्प से सिद्धि, सुरक्षा, सुशासन और समृद्धि" विषयक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरकार की उपलब्धियों, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. वीर सिंह सैनी ने की। स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, समाज कल्याण विभाग, पंचायती राज विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं योजनाओं से संबंधित लाभ भी वितरित किए गए।

वक्ताओं ने सरकार के नौ वर्षों में किए गए विकास कार्यों, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बुनियादी ढांचे, सुरक्षा व्यवस्था, ग्रामीण विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म भी संपन्न कराई गई, जो आकर्षण का केंद्र रही। इसके अलावा आवास योजना के तहत लाभार्थियों को चाबी वितरण, विभिन्न योजनाओं के प्रमाण पत्र वितरण जैसे कार्य भी किए गए। खंड विकास अधिकारी उमाकांत मुदगल, जिला पंचायत सदस्य दिनेश कुमार प्रजापति, मंडल महामंत्री शरद बिश्नोई, प्रधान संघ अध्यक्ष वीर सिंह 'वीरू' सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) योगेंद्र सिंह द्वारा किया गया।

# हिन्दू नववर्ष पर आर्य समाज ने नगर में निकाली शोभायात्रा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा


नवरात्र व नव वर्ष के उपलक्ष्य में आर्य समाज की शोभा यात्रा में शामिल लोग।

**अमृत विचार :** हिन्दू नववर्ष नवसंवत्सर 2083 के अवसर पर नगर में आर्य समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरा नगर वैदिक परंपराओं, धार्मिक उल्लास और सांस्कृतिक रंग में सराबोर नजर आया।

गुरुवार को बुध बाजार स्थित आर्य समाज मंदिर से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ, जिसमें स्वामी दयानंद सरस्वती, झांसी की रानी सहित विभिन्न देवी-देवताओं एवं महापुरुषों की आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों मस्जिद कुरैशियान, गंज बाजार, राजीव मार्केट, छीपियान मस्जिद, मछली बाजार, धीमरों वाली मस्जिद, इमली वाली जियारत, बाल्मीकि बस्ती, जाटवान, हाईवे अंबेडकर पार्क, छहराया, पठानों वाली मस्जिद, बड़ा बाजार, सनातन धर्म हिन्दू इंटर कॉलेज, बस स्टैंड एवं कोतवाली से गुजरी। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

● **आर्य समाज ने दिया वैदिक संस्कृति का संदेश**

दोपहर में आर्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वेद प्रचार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आर्य राम प्रकाश वर्मा, प्रधान रवि प्रकाश अग्रवाल, मंत्री संजीव सिंघल, प्रबंधक गुलाब सिंह, कोषाध्यक्ष इंदुकांत अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह, मनोज चौहान, गौरव चौहान सहित अनेक गणमान्य लोगों ने सहभागिता निभाई। पूरे आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि समाज में एकता, सद्भाव और वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार का संदेश भी दिया।

# दिनदहाड़े बाइक की डिग्गी से 1.10 लाख रुपये चोरी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के भरतावाला निवासी डेयरी संचालक हरेंद्र सिंह पंजाब नेशनल बैंक से 1 लाख 30 हजार रुपये निकालकर लाए थे। उन्होंने 20 हजार रुपये जेब में रख लिए, लेकिन बाकी 1 लाख 10 हजार रुपये बाइक के बैग में रखे। हरेंद्र सिंह गंज बाजार स्थित एक किराना दुकान पर सामान ले रहे थे और उनकी बाइक सड़क किनारे खड़ी थी। इसी बीच किसी ने बड़ी सफाई से बैग खोला और रुपये लेकर चंपत हो गया।

पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर सीसीटीवी फुटेज खंगालने और कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार परमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि यह कोई पहला मामला नहीं है। सिंडिकेट बैंक के सामने इसी अंदाज में बाइक की डिग्गी से लाखों रुपये उड़ाए जा चुके हैं। तब भी सीसीटीवी फुटेज हाथ लगे थे, लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला।

# ईद शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस- प्रशासन सतर्क

संवाददाता, ठाकुरद्वारा


ईदगाह का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व पुलिस क्षेत्राधिकारी।

**अमृत विचार :** आगामी त्योहार ईद को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। इसी क्रम में देर शाम पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आकाश कुमार, क्षेत्राधिकारी आशीष प्रताप सिंह व प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार ने भारी पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र का व्यापक भ्रमण किया।

अधिकारियों ने नगर की विभिन्न ईदगाहों और संवेदनशील स्थलों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए, ताकि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो सके। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

● **अधिकारियों ने किया ईदगाह का निरीक्षण, व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए**

इसके साथ ही पुलिस टीम ने नगर के प्रमुख मार्गों और बाजारों में पैदल गश्त कर आमजन से सीधे संवाद स्थापित किया। अधिकारियों ने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने, अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुमार आकाश ने बताया कि त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। वहीं क्षेत्राधिकारी आशीष प्रताप सिंह ने कहा कि शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान स्थानीय पुलिस बल के साथ-साथ अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे। पुलिस की सक्रियता को देखकर आमजन में सुरक्षा का भरोसा मजबूत हुआ है ।

# वाहन की टक्कर से दो की मौत, एक घायल

**कांठ, अमृत विचार :** वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल एक युवक को मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कस्बा ऊमरी कलां के मोहल्ला नसीराबाद निवासी मोहम्मद साकिब पुत्र हनीफ , आजम पुत्र शहाबुद्दीन, अयूब पुत्र वकील अहमद निवासी मोहल्ला जुम्मे का बाजार बुधवार की रात बाइक से कांठ से कुछ सामान खरीदने जा रहे थे। अमरोहा पथ मार्ग पर कान्हा गौशाला के सामने पुल के ऊपर सामने से तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी। मोहम्मद साकिब एवं आजम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। अयूब गंभीर घायल हो गया।

# महापौर की बाउंड्री टूटने की रिपोर्ट मंडलायुक्त तक पहुंची

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सदर तहसील के धीमरी गांव में सीएम कंपोजिट विद्यालय की भूमि पर कब्जा हटवाने के दौरान महापौर की जमीन की बाउंड्री टूटने के मामले में पैमाइश की रिपोर्ट मंडलायुक्त के पास पहुंच गई। रिपोर्ट के परीक्षण के बाद अगला कदम उठाया जाएगा।

सदर तहसील के धीमरी गांव में कंपोजिट विद्यालय के लिए आवंटित भूमि पर कब्जा हटाने के लिए प्रशासन की जेसीबी चलने के दौरान महापौर की भूमि पर बनी बाउंड्री वाल भी तोड़ दी गई थी। महापौर नेशिकायत जिलाधिकारी और मंडलायुक्त से की थी। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने अगले ही दिन महापौर की उपस्थिति में पैमाइश कराई। इस बीच महापौर ने प्रकरण को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी तक पत्र लिखकर पहुंचा दिया था। महापौर ने दूसरे जिले के अधिकारी व लेखपाल से पैमाइश कराने की भी बात कही थी। दूसरी ओर जिलाधिकारी के नेतृत्व में राजस्व टीम ने कई दिनों तक पैमाइश के साथ ही राजस्व अभिलेखों में दर्ज रिकॉर्ड की पड़ताल की। पैमाइश पूरी करने के बाद जिला प्रशासन ने अपनी रिपोर्ट मंडलायुक्त को भेज दी। माना जा रहा है इस रिपोर्ट में कहानी उलट रही है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार सरकारी भूमि पर बाउंड्री की पुष्टि हो रही है। मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह का कहना है कि प्रारंभिक रिपोर्ट मिली है। इसका परीक्षण अपर आयुक्त से करा रहे हैं हर बिंदु की बारीकी से परीक्षण के बाद निर्णय लेंगे।

● **मंडलायुक्त अपर आयुक्त से करा रहे हर बिंदु का परीक्षण**

# नव निर्माण के नौ वर्ष कार्यक्रम का आयोजन

**कांठ, अमृत विचार:** राजकीय महाविद्यालय कांठ मुरादाबाद में ''नव निर्माण के नौ वर्ष'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश सरकार द्वारा गत नौ वर्षों में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हुई अभूतपूर्व उपलब्धियां से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया।

असिस्टेंट प्रोफेसर भौतिक विज्ञान डॉ मुदित सिंघल ने कहा कि गत नौ वर्षों में राज्य सरकार ने नवीन महाविद्यालयों की स्थापना पर विशेष जोर दिया है जिससे उच्च शिक्षा छात्र-छात्राओं को सुलभ हो सके। महाविद्यालयों में शिक्षा हेतु मूल सुविधाओं, नई शिक्षा नीति द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों को लागू करना तथा स्मार्ट क्लास द्वारा छात्र-छात्राओं के अधिगम को और प्रभावी बनाए जाने के आवश्यक प्रावधान किए हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया तथा सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं तथा कार्यक्रमों को अपने प्रश्नों के माध्यम से समझा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक तथा कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## बच्चों का विवाद, बड़ों में चले लाठी-डंडे

कुंदरकी अमृत विचार : थाना क्षेत्र के ग्राम ढकिया जुम्मा में बच्चों के बीच विवाद ने बड़ा रूप धारण कर लिया। गाली-गलौज से शुरू हुई यह कहासुनी मारपीट तक पहुंच गई, जहां लाठी-डंडों का खुला इस्तेमाल हुआ। दोनों पक्षों से4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बुधवार की देर शाम विवाद की शुरुआत तब हुई जब बच्चों के झगड़े का वीडियो बनाने को लेकर एक पक्ष के अकील दुकानदार और दूसरे पक्ष से आलम चौकीदार में बहस हो गई। मामला इतना बिगड़ा कि पूर्व प्रधान के यहां पंचायत बुलानी पड़ी। पंचायत के दौरान विवाद बढ़ गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। लाठियां-डंडे चले और जमकर मारपीट की गई जिसमें चार लो घायल हो गए। दोनों पक्षों ने थाना कुंदरकी में शिकायती पत्र दाखिल दिए।

# किसानों के विरोध पर गन्ना अधिकारी का स्थानांतरण निरस्त

**कांठ, अमृत विचार :** 2 दिन पूर्व भारतीय किसान यूनियन टिकैत की शिकायत पर गन्ना अधिकारी का स्थानांतरण त्रिवेणी शुगर मिल गेट पर हो गया था। स्थानांतरण के आदेश को बृहस्पतिवार को उप गन्ना आयुक्त मुरादाबाद ने निरस्त कर दिया है ।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के विरोध पर त्रिवेणी शुगर मिल रानी नांगल के गन्ना अधिकारी योगेंद्र सिंह यादव का स्थानांतरण कांठ क्षेत्र से त्रिवेणी शुगर मिल गेट पर हो गया था लेकिन त्रिवेणी शुगर मिल क्षेत्र के किसानों ने विरोध किया। किसान बृहस्पतिवार को उप गन्ना आयुक्त मुरादाबाद हरपाल सिंह से मिले और समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने किसानों की मांगों को सही ठहराते हुए गन्ना अधिकारी योगेंद्र सिंह यादव का स्थानांतरण निरस्त कर दिया है। किसान ओम राज सिंह, हिमांशु राम सिंह, हेमंत ,सूरज सिंह, जयप्रकाश ,हरीराज ,बृजराज, दुष्यंत सिंह ,तारा सिंह, सत्यवीर सिंह ,भारी संख्या में किसान शामिल रहे।

# न्यूज डायरी



## न्यू अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक की नई शाखा का उद्घाटन

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** न्यू अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक रामपुर की नई शाखा का आरंभ हुआ। इस शाखा का उद्घाटन संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबंधक सहकारिता, इलाहाबाद मंडल वीर विक्रम सिंह ने किया। कहा कि बैंक प्रबंधन के कुशल नेतृत्व, कड़ी मेहनत और ग्राहकों को उपलब्ध कराई जा रही बेहतर सुविधाओं के चलते बैंक लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर है। इस नई शाखा से क्षेत्रीय लोगों को बेहतर और सुलभ बैंकिंग सेवाएं प्राप्त होंगी। बैंक के संस्थापक एवं अध्यक्ष राजेन्द्र स्वरूप भटनागर ने आभार व्यक्त किया। सचिव विनोद कुमार गुप्ता ने संचालन किया। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, मुरादाबाद अमरेन्द्र सिंह, बैंक के उपाध्यक्ष सलामत अली खां, संचालक इंशा उल्ला खां, संजीव भटनागर, के.एल. रस्तोगी, बीओएम सदस्य देवेश अग्रवाल, भाजपा उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष गौरव चौहान, अवनीश भटनागर, जगदीश सिंह एवं पंकज भटनागर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार के नौ वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को पंचायत भवन परिसर में आठ दिवसीय प्रदर्शनी का नगर विधायक रितेश गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनता के सर्वांगीण विकास और कल्याण के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चला रही है। इनका पारदर्शी तरीके से पात्रता के अनुरूप लाभार्थियों तक पहुंचाया जा रहा है। पिछले नौ वर्ष में सरकार ने कई क्षेत्रों में विकास के कीर्तिमान स्थापित किए हैं। दंगामुक्त और भयमुक्त उत्तर प्रदेश में देश विदेश से निवेशक प्रोत्साहित हो रहे हैं। प्रदर्शनी 26 मार्च तक चलेगी। इस दौरान जिला विकास अधिकारी जीवी. पाठक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



## रामलीला मन्दिर में द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन मेला आयोजित

**कांठ, अमृत विचार :** रामलीला मंच कांठ में ब्रह्मकुमारी ओम शांति संस्था द्वारा बुधवार को द्वादश ज्योतिर्लिंग दर्शन मेले का आयोजन किया गया। कुंभकरण तुल्य सोए हुए मानव को जागृत करने के उद्देश्य से ज्ञान युक्त 3डी शो का आयोजन किया गया तथा नवरात्र के उपलक्ष्य में नवदुर्गा झांकी एवं ज्ञान योग प्रदर्शनी का भी दर्शन कराया गया। मेले का मुख्य आकर्षण 30 फीट ऊंचा शिवलिंग एवं 12 ज्योतिर्लिंग दर्शन रहे, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मुख्य अतिथि ग्राम न्यायालय कांठ के कुंवर सूर्य सैन सिंह, राजयोगी ब्रह्मकुमारी शरद भाई तथा तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा, प्रदीप कुमार, सचिव दीपक बिश्नोई सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने परमात्मा शिव का परिचय प्राप्त करते हुए विभिन्न झांकियों का आनंद लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजयोगिनी ब्रह्मकुमारी प्रभा दीदी, जगराज जी, विनीत विश्नोई, ब्रह्मकुमारी दीपमाला बिश्नोई, ममता बिश्नोई, रीना, कीर्ति, बीके, सर्वेश आदि का योगदान रहा।



## नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया ईदगाह का निरीक्षण

**कांठ, अमृत विचार :** ईद की नमाज को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष ऊमरी कलां अध्यक्ष हाजी उस्मान अली ने ईदगाह का निरीक्षण करते हुए सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और चूना डालने के साथ नमाजियों के लिए अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने ईदगाह की नमाज के उपरांत यातायात व्यवस्था पर नियंत्रण करने का आग्रह थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेशपाल सिंह से किया । उन्होंने बताया कि ईदगाह पर शहर इमाम मुफ्ती शाहिद हुसैन निर्धारित समय प्रात: 9 :00 बजे नमाज अदा कराएंगे तथा देश और कौम की तरक्की के लिए दुआ की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय के लोग सामूहिक रूप से नमाज पढ़ कर अनुशासन का पालन करें। नमाज आत्मिक शुद्धि के बाद मिलने वाली खुशी और अल्लाह की बंदगी का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस मौके पर सभासद पति मास्टर शमीम अहमद, सादिक हुसैन, सुमन अली, नफीस सैफी, यूनुस खान, अमीनुद्दीन हाजी मसरूर आदि सभासद मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

## सूचना

विपिन शर्मा व उसकी पत्नी आकृति शर्मा को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके किसी कृत्य का मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। **अमरदेव शर्मा पुत्र स्व. थान सिंह शर्मा नि. मौ. बदावाला अमरोहा (उ.प्र.)**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

न्यूज ब्रीफ

### खनन को लेकर किसानों ने दिया ज्ञापन

**रामपुर/मिलक, अमृत विचार :** मिलक तहसील क्षेत्र में अवैध रूप से चल रही मिट्टी की ट्रैक्टर ट्रालियों को लेकर भाकियू महाशक्ति ने उप जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार सीमा गंगवार को सौंपा। किसानों का आरोप है कि धनेली पूर्वी में गोलकुंडा में जमकर खनन हो रहा है। वहीं पात्रों को राशन कार्ड नहीं मिल पा रहे हैं। कोटेदार राशन भी कम देते हैं। मिलक में सप्लाई कार्यालय में स्थाई बाबू की नियुक्ति की मांग की। इस दौरान जिलाध्यक्ष लाला राम गंगवार, प्रेमपाल सिंह यदुवंशी, राजेंद्र यदुवंशी, साजिद अंसारी, मनोज शर्मा, रिजवान अंसारी, दानिश खान, संजू खान, मतलूब खान, शराफत अली, मतलूब जमाली, अकील अहमद, निसार अहमद, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, शेर मोहम्मद, कल्लू पांडे आदि मौजूद रहे।

### वकीलों ने नहीं किया न्यायिक कार्य

**मिलक, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्रि प्रारंभ होने के उपलक्ष में गुरुवार को तहसील के वकीलों ने न्यायिक कार्य नहीं किया। बार एसोसिएशन मिलक में गुरुवार को एक आम सभा आयोजित की गई। जिसमें चैत्र नवरात्रि प्रारंभ होने के उपलक्ष में सर्वसम्मति से विचार विमर्श करके निर्णय लिया गया कि इस पावन पर्व में अधिकतर अधिवक्ता एवं वादी पूजा पाठ एवं व्रत में व्यस्त रहेंगे। जिसके चलते न्यायिक कार्य से विरत रहे। अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश चंद्र गंगवार एडवोकेट ने तथा संचालन महासचिव रमेश चंद्र एडवोकेट ने किया।

### जनसेवा केंद्र संचालकों को पढ़ाया नियमों का पाठ

**मिलक, अमृत विचार :** साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से बृहस्पतिवार को मिलक कोतवाली परिसर में जन सेवा केंद्र संचालकों की बैठक हुई। प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह ने जन सेवा केंद्र संचालकों को आवश्यक निर्देश दिए। जनसेवा केंद्र संचालकों से अपने प्रतिष्ठान पर जागरूकता बैनर लगाने की अपील की। अगर किसी के साथ साइबर फ्रॉड हो जाता है तो वह तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करके या सीधे थाने में जाकर शिकायत दर्ज करा सकता है। इस दौरान दुष्यंत गंगवार, अनमोल दिवाकर, मित्रपाल, गुलफाम, दिवाकर गंगवार, संजीव, दिलीप राठौर, चेतन आदि मौजूद रहे।

## मां शैलपुत्री की हुई पूजा, जयकारों से गूंजे मंदिर परिसर

### देहात से लेकर शहर तक मंदिरों को सजाया गया, घरों में की गई कलश की स्थापना, महिलाओं ने गाए भजन-कीर्तन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मंदिरों में मां शैलपुत्री देवी की गुरुवार की सुबह पूजा अर्चना हुई। इससे पहले प्रथम शैलपुत्री देवी की पूजा अर्चना स्नान सिंगार करके रोली, सिन्दूर, काजल, पान, सुपारी, लौंग, इलायची और मीठा फल मेवा अर्पित करते हुए धूप दीप नैवेद्य अर्पित कर यज्ञ हवन में आहुति दी। मंदिरों में माता रानी के भजन कीर्तन भी महिलाओं द्वारा गाए गए।

चैत्र नवरात्र पर मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनियों और चुनरियों से सजाया गया है। शहर में मिस्टन गंज स्थित शक्ति दरबार में पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा पुजारी ने अपने सहयोगी भक्तों सेवकों के साथ प्रातः काल 7 बजे से जन कल्याण के लिए प्रार्थना की। शहर के मोहल्ला पुराना गंज स्थित मंदिर माई का थान समेत तमाम मंदिरों में प्रथम मां शैलपुत्री देवी की पूजा अर्चना हुई। शक्ति पीठ मंदिर में प्रतीक बाबू, जिंदल, श्रुति जिंदल, सुनीता जिंदल, मुकेश, तिलक राज वासन, सुखदेव मिश्रा, नीरज, राजेन्द्र सिंह, राम भरोसे लाल यादव, शैलेन्द्र अग्रवाल, अन्नू मिश्रा, हरि बाबू गुप्ता, सुधा पंडित, सत्यम शर्मा, विनीत लाला, दिनेश, सुरेश, सुनीता आदि मौजूद रहे।

- रंग बिरंगी झालरों से सजाए गए मंदिर परिसर

महिलाओं ने मंदिर में सप्तशती कवच पाठ दुर्गा चालीसा, गणेश वंदना, भजन कीर्तन किया इसके बाद महा आरती हुई। सभी भक्त महा आरती में शामिल रहे। महा आरती के बाद भक्तों को गोला मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया।



पुराना गंज स्थित माई का थान मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्त। ● अमृत विचार



मिस्टन गंज स्थित शक्तिपीठ मंदिर में भजन कीर्तन करती महिलाएं। ● अमृत विचार



साईं मंदिर में भजन कीर्तन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### आज होगी मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना

चैत्र नवरात्र में शुक्रवार को मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना होगी। पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने बताया कि मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना में रोली, सिन्दूर, काजल, पान, सुपारी, लौंग, इलायची और मीठे फल मेवे अर्पित किए जाएंगे इसके बाद यज्ञ हवन में आहुति दी जाएगी।

### बिलासपुर में महिलाओं ने पूजा-अर्चना के साथ माता रानी के छंद गाए

**बिलासपुर, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र के पहले दिन नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालुओं ने मां भगवती के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री की भक्ति-भाव से आराधना की और व्रत-उपवास रखे। वहीं महिलाओं ने मंदिरों में माता रानी के छंद गाए और पूजा-अर्चना कर आराधना की। गुरुवार को प्रथम नवरात्रि की चलते श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों में मातारानी की चौकी की स्थापना की। मंगल कलश पर नारियल आदि स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर माता रानी की आराधना की। मुहल्ला साहूकारा स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर, माता महाकाली मंदिर, पंजाबी कालोनी मंदिर, डाम कालोनी स्थित श्री दुर्गा भवानी पंचायती मंदिर, हाईवे स्थित शिव मंदिर, कायस्थान स्थित मढ़ी वाला मंदिर, एसडीएम कोर्ट परिसर स्थित माता मनोरमा मंदिर, शिवबाग मंडी स्थित मंदिर आदि मंदिरों में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ देखी गई।

## कार सवारों पर धारदार हथियार से हमला

**शाहबाद, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में कार सवार युवकों पर धारदार हथियार से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि आरोपियों ने कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित रंजीत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 मार्च को वह रामपुर से अपने गांव लौट रहे थे। उनके साथ कार में संजीव, राजवीर और कमल भी सवार थे। आरोप है कि जैसे ही उनकी कार गांव के शिव मंदिर के पास पहुंची, वहां पहले से मौजूद बलवीर, जयवीर और चंद्रपाल ने उनकी गाड़ी रोक ली। इसके बाद आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और धारदार हथियार से संजीव पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।पीड़ित ने बताया कि हमलावरों ने उनकी ऑल्टो कार में भी तोड़फोड़ की। आरोप है कि आरोपी संजीव को मरा समझकर मौके से फरार हो गए और जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी। रंजीत ने थाना में पुलिस को तहरीर दी।

## धार्मिक स्थल के बाहर मिले मांस के टुकड़े, हंगामा

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र के रम्पुरा गांव में धार्मिक स्थल के बाहर मांस के टुकड़े पड़े होने पर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया।

गांव में पीपल के वृक्ष के नीचे एक धार्मिक स्थल मौजूद है। गुरुवार की तड़के नवरात्र महोत्सव के चलते ग्रामवासी धार्मिक स्थल पर पूजा के लिए गए थे। वहां मांस के टुकड़े व अवशेष देखे तो हड़कंप मच गया। साथ ही ग्रामीणों ने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पाकर थानाध्यक्ष पंकज पंत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने अवशेषों को वहां से हटवाकर ग्रामीणों को शांत किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष ने बताया कि शुरुआती जांच और स्थिति को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि किसी व्यक्ति ने बलि देने या तंत्र-मंत्र के चलते मांस को धार्मिक स्थल के बाहर फेंका है। आस-पास के लोगों से पूछताछ कर मामले की तह तक जाने की कोशिश में जुटी है। थानाध्यक्ष ने ग्रामीणों से धैर्य बनाएं रखने और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की है। फिलहाल गांव में शांति बनी हुई है, लेकिन एहतियात के तौर पर पुलिस बल की निगरानी बढ़ा दी गई है। थानाध्यक्ष का कहा कि ऐसी हरकत करने वाले की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

- गुरुवार सुबह पूजा करने गए लोगों ने देखे मांस के टुकड़े, तब जताया रोष

## संचारी रोग से बचाव के लिए कराएं रसायनों का छिड़काव : सीडीओ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को संचारी रोग नियंत्रक एवं दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए बैठक हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र ने कहा कि

लार्वा निरोधक रसायनों के छिड़काव में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। नाले-नालियों की नियमित सफाई कराई जाए। जेई, डेंगू, मलेरिया एवं अन्य संचारी रोगों से प्रभावित क्षेत्रों में विशेष रूप से कार्रवाई की जाए। कूलर एवं फ्रिज की ट्रे में जमा पानी को नियमित रूप से साफ करने के प्रति आमजन को जागरूक करने का आह्वान किया जाए।

- कलेक्ट्रेट सभागार में हुई दस्तक अभियान की बैठक
- लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की दी चेतावनी

कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में यूनीसेफ के प्रतिनिधि संदीप सक्सेना द्वारा वर्ष 2025 में संचालित विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की समीक्षा पेश की। उथले हैंडपम्पों को चिन्हित कर उनके उपयोग पर रोक लगाने, खराब हैंडपम्पों की मरम्मत तथा शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निगरानी समितियों के माध्यम से दिमागी बुखार, वेक्टर जनित एवं जल जनित रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण देकर अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने, कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन एवं उपचार तथा आवश्यकतानुसार पोषण पुनर्वास केन्द्रों से जोड़ने के निर्देश दिए। गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए हीट वेव से बचाव हेतु जनजागरूकता बढ़ाने, शुद्ध पेयजल एवं शेल्टर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक में स्वास्थ्य, कृषि, पंचायत, शिक्षा, नगर विकास, पशुपालन, बाल विकास विभाग, डब्ल्यूएचओ, यूनीसेफ तथा नगर निकायों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ब्राह्मण सभा ने नए वर्ष पर किया हवन पूजन



नव संवत्सर पर पूजन हवन के दौरान मौजूद श्रद्धालु और अन्य लोग।

**मिलक, अमृत विचार:** श्री ब्राह्मण सभा मिलक, श्री परशुराम युवा मंच, श्री ब्राह्मण सभा महिला मंच के तत्वाधान में नव संवत्सर पर पूजन हवन कार्यक्रम हुआ। जिसमें सर्वप्रथम भगवान परशुराम जी एवं यज्ञ भगवान का पूजन श्री सभा के उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा एवं दर्शना शर्मा ने किया। मुकेश कौशिक ने श्री परशुराम चालीसा का पाठ किया। आचार्य सीताराम गौड़ ने भगवान परशुराम जी एवं निर्णय पत्रिका का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. विकास शुक्ला, कृष्ण कुमार शर्मा, रामकुमार शर्मा, सुरेश शर्मा, प्रवेश शुक्ला, नवीन कुमार शर्मा, प्रमोद शुक्ला, चिंतामणि बहुगुणा, राम अवतार पांडे, आदेश शंखधार, नंदन प्रसाद शर्मा, महिला मंच अध्यक्ष गीता शर्मा, मानसी भार्गव, उषा शर्मा, मीना शर्मा, मनोरमा शर्मा, रिमझिम शर्मा, हेमा बहुगुणा, प्रेमवती, केतकी कौशिक आदि लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन पंडित सुरेंद्र कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

## खाद्य विभाग की टीम ने 20 किग्रा रसगुल्ला नष्ट कराए

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के आयुक्त के निर्देशानुसार गुरुवार को चैत्र नवरात्रि पर सहायक आयुक्त (खाद्य) एवं अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया गया।

विशेष छापामार अभियान में थाना गंज के उमर कॉलोनी पहाडी गेट केमरी रोड स्थित न्यू इंडियन इंटरप्राइजेज के फैजी से छेना रसगुल्ला का 1 नमूना लिया। करीब 20 किग्रा. दूषित छेना रसगुल्ला नष्ट करवाया गया। वहीं केमरी रोड उमर कालोनी स्थित जन्नत मिल्क डेयरी के वसीम अहमद से दही का 1 नमूना लिया गया। मनोज सैनी के जूस कॉर्नर का निरीक्षण कर 4 लीटर दूषित अनार का जूस नष्ट कराया गया। रेलवे स्टेशन के सामने रामबाबू के लक्की जूस कॉर्नर का निरीक्षण कर फूट एसेंस 4 बोतल, लगभग 5 किग्रा सडा हुआ अनार, लगभग 2 किग्रा खराब अनारदाना को नष्ट कराया। इस प्रकार खाद्य पदार्थ के कुल 2 नमूने संग्रहित करके जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए।



सैंपल की जांच करते सहायक आयुक्त सुनील कुमार शर्मा व अन्य कर्मी।

## लघु उद्योगों से युवा बन रहे आत्मनिर्भर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास भवन परिसर में आयोजित 9 दिवसीय प्रदर्शनी के दूसरे दिन जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र द्वारा उद्यमी विचार गोष्ठी एवं संवाद कार्यक्रम किया गया।

इस मौके पर मुख्यातिथि जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन मोहन लाल सैनी ने कहा कि वर्तमान समय में स्वरोजगार एवं लघु उद्योगों से युवा और हर वर्ग के लोग आत्मनिर्भर बन रहे हैं। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि बैंक द्वारा योग्य उद्यमियों को सरल एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। आईआईए के चेयरमैन श्रीश गुप्ता, लघु उद्योग भारती के सचिव शलभ गोयल, सहायक आयुक्त उद्योग निहारिका जैन ने जानकारी दी। उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव ने बताया कि जनपद में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए विभाग निरंतर प्रयासरत है विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत 5 लाभार्थियों को ऋण चेक वितरित किए गए।




लाभार्थी को चेक देते डीसीबी के चेयरमैन व उद्यमी श्रीश गुप्ता व अन्य। ● अमृत विचार

- मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत लाभार्थियों को ऋण के चेक दिए

## चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हिन्दू नव वर्ष धूमधाम से मनाया

**स्वार, अमृत विचार:** शुक्ल प्रतिपदा के पावन अवसर पर हिंदू नववर्ष का उत्सव डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुस्तमनगर में प्रातःकाल भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य विनोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में हुआ। विद्यालय के मुख्य द्वार को आम के पत्तों के तोरण और आकर्षक रंगोली से सजाया गया। स्वागत के दौरान बहनों ने सभी भैया, आचार्य, अभिभावकों एवं अतिथियों के मस्तक पर तिलक लगाकर पुष्प वर्षा की तथा विक्रमी संवत 2083 के शुभारंभ पर मंगलकामनाएं दीं। साथ ही मां दुर्गा की कृपा से सुख-समृद्धि की कामना की गई। वंदना सभा में विद्यालय के प्रबंधक एवं जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी के पुत्र निशांत कुमार लोधी ने ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रथम बार उपयोग किया। संघ संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की जयंती और सिंधी समाज के संत झूलेलाल की जयंती मनाई गई।



स्वार कार्यक्रम में मौजूद छात्र छात्राएं। ● अमृत विचार

## नवरात्र के पहले दिन पूजी मां शैलपुत्री

**सैफनी, अमृत विचार:** नवरात्र के पहले दिन क्षेत्र के मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई और मंदिर जयकारों से गूंज उठे। सुबह से ही नगर के माता बेला भवानी शक्ति पीठ धाम पर भारी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए पहुंचे यह सिलसिला शाम तक चलता रहा। मंदिर परिसर में हवन पूजन व यज्ञ किया गया। श्रद्धालुओं ने माता बेला भवानी मैया का पूजन हवन किया। श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। श्री माता बेला भवानी सनातन संस्कार गुरुकुल के संस्थापक पंडित विवेक वशिष्ठ के द्वारा विधि विधान से पूजन किया। इस दौरान महंत नवीन गिरी महाराज,भीम जोशी, अमित गुप्ता, दीपक जोशी, विक्की चौधरी, राहुल जोशी, संजीव जोशी, पंकज शर्मा, सचिन तिवारी, आकाश शर्मा, शिवओतार यादव, विवेक चौधरी,गोविंद जोशी मौजूद रहे।

**मौसम** मौसम वैज्ञानिक जता रहे बारिश की संभावना

## मौसम ने ली करवट, छाए रहे बादल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मौसम ने करवट ले ली और गुरुवार की सुबह से आसमान में बादल छाए रहे। देर रात को भी शहर में हल्की बूंदाबांदी हुई। बारिश से सर्दी का अहसास बढ़ गया और रोजेदारों को बड़ी राहत मिली। आसमान में बादल घिरे होने के बावजूद अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रहा।

गुरुवार को पूरे दिन आसमान में बादल छाए रहे हालांकि बारिश नहीं हुई। जबकि बुधवार-गुरुवार की मध्यरात्रि हल्की बूंदाबांदी हुई। बूंदाबांदी होने से मौसम ठंडा हो गया। मौसम ठंडा होने से रोजेदारों को काफी राहत मिली। हालांकि कुछ देर बारिश होने के बाद थम गई लेकिन, गुरुवार सुबह से आसमान में बादल छाए रहे।



गुरुवार को आसमान में छाए बादल। ● अमृत विचार

"रामपुर, अमरोहा, संभल और मुराबाद में गर्जन के साथ वर्षा होने का अनुमान है। 20 और 21 मार्च को अचानक तेज हवा चलने की संभावना है।
- डॉ. श्वेता सिंह, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ।

मौसम वैज्ञानिक डॉ. उदय प्रताप शाही ने बताया कि 20 और 21 मार्च को तेज बारिश और तेज हवा चलने की संभावना है।

**हाल-ए-मौसम**

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 31 डिग्री से. |
| न्यूनतम तापमान | 18 डिग्री से. |
| आद्रता | 44 प्रतिशत |
| वायु वेग | 16 किमी. प्रति घंटा |

## विधवा ने प्रेमी के घर जाकर किया हंगामा

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार:** चौकी क्षेत्र के गांव में एक विधवा प्रेमी के घर पहुंच गई प्रेमी के परिजनों ने विरोध कर उसे घर से खदेड़ दिया। प्रेमी युवक दो दिन पूर्व ही बलात्कार के आरोप में जेल से रिहा हुआ है। चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी विधवा एक युवक से प्रेम प्रसंग के चलते गर्भवती हो गई थी और उसने उत्तराखंड के एक अस्पताल में बच्ची को जन्म दिया था।

युवक ने उसे अपनाने से इनकार कर दिया था, जिसको लेकर विधवा महिला ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की थी। एसपी के आदेश पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। युवक को तीन माह पहले जेल भेज दिया गया था। आरोपी मंगलवार को जेल से रिहा हो गया। इस मामले की जानकारी मिलने पर प्रेमिका गुरुवार को उसके घर पहुंच गई और वहीं ही रहने की जिद करने लगी। युवक के परिजनों ने इस मामले का विरोध किया और उसका मोबाइल छीनकर पुलिस के हवाले कर दिया। युवक के परिजनों का आरोप था की विधवा महिला के कई अन्य लोगों से बातचीत होती रहती है और बाहरी लोगों के संपर्क में है। इस मामले को लेकर काफी देर तक हंगामा होता रहा। विधवा महिला अपनी 6 वर्षीय पुत्री को साथ लेकर उसके घर रहने की जिद पर अड़ी रही। काफी देर तक हंगामा होता रहा।

मोहल्ले पड़ोस के लोगों ने किसी तरह महिला को समझा बूझकर शांत किया। पुलिस का कहना है की युवक उसके बलात्कार के आरोप में जेल जा चुका है। ऐसी स्थिति में वह विधवा महिला को साथ रखने के लिए राजी नहीं है।

## मजदूरों की कमाई पर डाका बर्दाश्त नहीं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कांग्रेसियों ने मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत गुरुवार को मिलक के ग्राम क्योरार में महापंचायत हुई। जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित ने कहा मजदूरों के पसीने की कमाई पर डाका डालना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिस तरह से नियमों में बदलाव कर ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा दिया जा रहा है, उससे भ्रष्टाचार बढ़ेगा। पात्र व्यक्ति काम से वंचित रह जाएगा।

जिला कोऑर्डिनेटर दुर्गेश मौर्य ने कहा कि मनरेगा को बचाने का यह अभियान अब हर गांव तक पहुंचेगा। आज की महापंचायत इस बात का प्रमाण है कि ग्रामीण जाग चुके हैं। ठेकेदारी प्रथा लागू करना सीधे तौर पर मजदूरों का शोषण है और इसके खिलाफ हमारा संघर्ष जारी रहेगा।




कार्यक्रम में बोलते जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित। ● अमृत विचार

- कांग्रेसियों की मिलक के ग्राम क्योरार में हुई महापंचायत

पूर्व विधायक संजय कपूर ने कहा कि मनरेगा कोई साधारण योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के गरीब मजदूरों का कानूनी अधिकार है।

सरकार सोची-समझी साजिश के तहत इस कानून को कमजोर कर रही है। हम सड़क से सदन तक इस हक की लड़ाई लड़ेंगे।

इस मौके पर जिवेन्द्र गंगवार, रामकिशोर पांडे, रवि टंडन, गुरुवार सिंह, वेद राम यादव, नोमान मुमताज खां और देवकी नंदन आदि मौजूद रहे।

# गैस की कालाबाजारी पर सख्ती, बड़ी संख्या में सिलेंडर बरामद

## भोट में जिला पूर्ति विभाग ने की कार्रवाई, सिलेंडर ब्लैक करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, मौके पर मिले सिलेंडरों को किया सीज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जिले में आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अभियान चलाया गया। गुरुवार को ग्राम सभा भोट निवासी जीवन चंद्र द्वारा गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी किए जाने की सचूना मिली। सूचना पर जिला पूर्ति अधिकारी ने अपनी टीम और पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से छापेमारी की कार्रवाई की और भारी संख्या में सिलेंडर बरामद किए।

छापेमारी के दौरान संबंधित परिसर को खुलवाकर गहन निरीक्षण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में घरेलू, व्यावसायिक एवं 5 किग्रा. वाले गैस सिलेंडरों का अनाधिकृत भंडारण पाया गया। मौके से कुल 6 व्यावसायिक बड़े सिलेंडर, जिनमें 4 भारत गैस के थे, 5 घरेलू बड़े सिलेंडर, जिनमें 4 इंडेन एवं एक एचपी गैस के हैं। इसके अलावा 4 व्यावसायिक 5 किग्रा के सिलेंडर तथा 1 घरेलू 5 किग्रा का सिलेंडर बरामद किया गया। बरामद सभी सिलेंडरों की मौके पर तौल एवं सत्यापन कराया गया। छापेमारी के दौरान मौके पर उपस्थित शमसूल निवासी अहमदनगर तराना, गुड्डू निवासी अजीतपुर, अब्दुल कादिर निवासी खोदपुरा एवं नईम अहमद निवासी भोट ने बताया कि वे लोग पूर्व में भी जीवन चन्द्र के यहां से घरेलू गैस सिलेंडर प्राप्त करते रहे हैं।

गुरुवार को भी गैस लेने के उद्देश्य से ही वहां पहुंचे थे। प्राथमिक जांच में पता चला है कि जीवन चन्द्र भट्ट द्वारा बिना किसी वैध लाइसेंस और बिना अनुमति के गैस सिलेंडरों का अवैध भंडारण कर उन्हें ऊंचे दामों पर बेचते हुए कालाबाजारी की जा रही थी। मौके पर बरामद सभी सिलेंडरों को जब्त करते हुए निकटस्थ अधिकृत एजेंसी में सुरक्षित रखवा दिया गया है। इस संबंध में पूर्ति निरीक्षक सदर चुन्नीलाल द्वारा संबंधित थाना में जीवन चन्द्र भट्ट एवं प्रकाश चंद्र भट्ट ग्राम सभा भोट एवं अन्य संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी, ओवरचार्जिंग एवं अवैध भंडारण के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा ऐसे मामलों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।


भोट में बरामद सिलेंडर। ● अमृत विचार


भोट में कार्रवाई करती टीम। ● अमृत विचार

## केवाईसी न होने से उपभोक्तओं को गैस मिलने में दिक्कत

- एजेंसियों पर गैस के लिए हो रही मारामारी, कई-कई दिन बाद मिल रहा सिलेंडर
- गैस नहीं मिलने पर जगह-जगह एजेंसियों पर उपभोक्ता कर रहे हंगामा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** गैस के लिए एजेंसियों पर सुबह से ही लोगों की भीड़ लग रही है। केवाईसी नहीं होने से उपभोक्ताओं को गैस मिलने में दिक्कत आ रही है। गैस के लिए महिलाएं परेशान हो रही हैं। व्यवस्था संभालने को एजेंसियों पर पुलिसकर्मी भी तैनात हैं। लोग मोबाइल पर गैस बुक करा रहे हैं लेकिन, ओटीपी नहीं आने से गैस नहीं मिल पा रही हैं। गैस नहीं मिलने पर कई जगह एजेंसियों पर उपभोक्ता हंगामा करने लगते हैं।

घरेलू गैस के लिए तमाम एजेंसियों पर लोगों की भीड़ लगी हुई है। लोगों का कहना है कई-कई दिन में भी गैस नहीं मिल रही है। गैस बुक कराने के बाद ओटीपी नहीं आ रहा है जिसके कारण पर गैस लेने में परेशानी हो रही है। एजेंसी पर गैस के लिए पर्ची देने से पहले मोबाइल पर ओटीपी देख रहे हैं लेकिन, ओटीपी नहीं होने के कारण सिलेंडर की पर्ची नहीं मिल रही है। महमूना बताती हैं कि उन्होंने चार दिन पहले गैस बुक करा दी थी लेकिन, उन्हें गैस सिलेंडर नहीं आया है। बताया कि उनकी ओटीपी नहीं आई है ओटीपी आने के बाद उन्हें पर्ची दी जाएगी। कहा कि गैस एजेंसियों पर लोगों की भीड़ है। गैस नहीं मिलने से लोगों को बड़ी परेशानी हो रही है।

गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा है जिसके कारण काफी परेशानी हो रही है। गैस के लिए कई-कई बार एजेंसी के चक्कर लगा चुके हैं। - अफसाना



गैस सिलेंडर नहीं मिलने से बहुत परेशानी हो रही है। गैस के लिए एजेंसी पर गए तब उन्होंने कहा कि केवाईसी करा लें। चूल्हा जलाने में बड़ी मुसीबत होती हैं। - शाइस्ता



गैस लेने के लिए एजेंसी के कई बार चक्कर लगा चुके हैं। एजेंसी वाले केवाईसी कराने की बात कहकर टाल रहे हैं। - अनीस



गैस खत्म होने पर सबसे ज्यादा दिक्कत महिलाओं को उठानी पड़ रही है। क्योंकि उनकी अब गैस पर खाना बनाने की आदत हो चुकी है। - सलमा



## न्यूज ब्रीफ

### रमजान में जकात अदा करना फर्ज

**मिलक, अमृत विचार :** रमजान के मुकद्दस महीने में मिलक क्षेत्र के खाता नगरिया में कार्यक्रम हुआ। मौलवी साजिद ने कहा कि इस्लाम में ज़कात हर साहिबे-निसाब मुसलमान पर फर्ज है। उन्होंने बताया कि अल्लाह ने कुरान में हुक्म दिया है कि इंसान अपनी कमाई का ढाई प्रतिशत हिस्सा गरीबों और जरूरतमंदों को दे, ताकि समाज में बराबरी और भाईचारा कायम रह सके। रमजान का महीना रहमतों और बरकतों का महीना है, ऐसे में इस दौरान ज़कात अदा करने का सवाब कई गुना बढ़ जाता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### बाजार से सपा नेता की बाइक चोरी

**मसवासी, अमृत विचार :** मैन मार्केट से सपा नेता की बाइक चोरी हो गई। सपा नेता संजू यादव निवासी रहमतगंज किसी काम से बुधवार को मसवासी आये थे। वह अपनी मोटरसाइकिल नवल किशोर गुप्ता की दुकान के बराबर मे खड़ी कर मैन मार्केट से सामान की खरीदारी करने चले गए। सामान लेकर जब वह वापस लौटे तो मोटरसाइकिल नहीं थी। उन्होंने मोटरसाइकिल की काफी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। आस पास के सीसीटीवी कैमरे चेक किये। जिसमे एक युवक बाइक ले जाता दिख रहा है। चोरी की सूचना पुलिस को दे दी है, पुलिस छानबीन कर रही है।

### शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के लिए मिलकर करें काम

**बिलासपुर, अमृत विचार :** गुरुवार को नगर के मोहल्ला शिवबाग मंडी में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा ब्लाक स्तरीय उन्मुखीकरण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष चित्रक मित्तल और खंड शिक्षाधिकारी राजेंद्र सिंह बोरा ने दीप प्रज्वलित कर किया। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि शैक्षिक आकलन में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सभी शिक्षकों और जनप्रतिनिधियों की पीठ थपथपाई। पालिकाध्यक्ष और बीईओ ने विचार रखे। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष प्रताप सिंह, ललित कुमार, रामचंद्र राठौर, राहुल भारद्वाज, सुभाष चंद्र राठौर, रावेश गंगवार, बबीता सिंह, पिंकी, श्वेता गुप्ता, नैंसी बंसल, रेनू सिंह, सीमा सुल्तान, विपिन, केतन, अतुल मिश्रा, अमर सिंह आदि मौजूद रहे।

# टांडा में गैस की किल्लत नहीं मिल रहे सिलेंडर

- चेयरमैन सरफराज ने डीएम को लिखा पत्र



**संवाददाता टांडा, अमृत विचार:** आगामी ईद के त्योहार से ठीक पहले टांडा नगर में रसोई गैस की भारी किल्लत खड़ी हो गई है। गैस एजेंसियों की मनमानी और तकनीकी खामियों के चलते उपभोक्ताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर मांग की है।

जिलाधिकारी को भेजे गए पत्र में पालिका चेयरमैन सरफराज ने बताया कि टांडा में गैस एजेंसियों द्वारा आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह ठप नजर आ रही है। चेयरमैन ने बताया कि उपभोक्ताओं का आरोप है कि मोबाइल और ऑनलाइन माध्यम से बुकिंग करने के बावजूद गैस की सप्लाई नहीं दी जा रही है। गैस प्राप्त करने के लिए अनिवार्य डीएसी कोड उपभोक्ताओं के मोबाइल पर नहीं आ रहा है। यदि किसी उपभोक्ता के पास कोड आ भी जाता है, तो एजेंसियां सर्वर डाउन होने या इंटरनेट न चलने का बहाना बनाकर उन्हें खाली हाथ लौटा रही हैं। नगर पालिका अध्यक्ष ने पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि ईद का त्योहार बेहद करीब है। ऐसे समय में गैस न मिलने के कारण नगरवासियों के सामने गहरा संकट खड़ा हो गया है। लोग एजेंसियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, चेयरमैन ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि वे संबंधित गैस कंपनियों के अधिकारियों से वार्ता कर त्योहार के मद्देनजर बुकिंग के नियमों में कुछ अस्थायी राहत प्रदान की जाए।

# गुरुवार शाम को नजर नहीं आया चांद, ईद कल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** गुरुवार की शाम को ईद का चांद नजर नहीं आया हालांकि, लोगों की निगाहें आसमान में चांद को तलाशती रहीं। शहर काजी सैयद खुशनूद मियां ने कहा कि ईद का चांद नजर नहीं आया है और कहीं से चांद नजर आने की गवाही भी नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को ईद का चांद नजर आएगा और शनिवार की ईद उल फितर होगी।

ईद का चांद 29 रमजान को नजर नहीं आया। शहर की जामा मस्जिद समेत तमाम जगहों पर लोग गुरुवार की शाम को आसमान में ईद का चांद तलाशते रहे लेकिन, चांद नजर नहीं आया। शहर काजी सैयद खुशनूद मियां ने कहा कि अब ईद उल फितर शनिवार को होगी और ईद का चांद 30 रमजान को नजर आएगा। उन्होंने बताया कि ईद की नमाज शाहबाद गेट स्थित ईदगाह में सुबह 7:30 बजे होगी जबकि, शहर की जामा मस्जिद में सुबह 8 बजे होगी। ईदगाह में शहर काजी सैयद खुशनूद मियां नमाज पढ़ाएंगे। शिया जामा मस्जिद के इमाम सैयद अली मोहम्मद नकवी ने बताया कि ईद की नमाज शनिवार को सुबह 8:30 बजे मकबरा जनाबे आलिया स्थित शिया जामा मस्जिद में होगी।


ईद के चांद को लेकर शहर की जामा मस्जिद में मंत्रणा करते उलमा। ● अमृत विचार

### मस्जिदों में आज होगी अलविदा जुमा की नमाज

जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के सेक्रेटरी मुकर्रम रजा इनायती ने बताया कि जिले की तमाम मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज होगी। बताया कि शहर की जामा मस्जिद में दोपहर 1:30 बजे काजी ए शहर सैयद खुशनूद मियां जुमे की नमाज पढ़ाएंगे। उन्होंने बताया कि कोई भी शख्स अलविदा जुमे की नमाज सड़क पर नहीं पढ़े। मस्जिदों के भीतर नमाज पढ़ी जाए।

## रमजान में नेक रास्ते पर चलें लोग : मौलाना रिजवान

- पूर्व मंत्री की बरसी पर हुई दुआए मगफिरत

**रामपुर, अमृत विचार :** पूर्व मंत्री हाजी निसार हुसैन की 8वीं बरसी पर गांव मीरापुर मीरगंज में हुए जलसे में ख्वाजा मस्जिद के इमाम मौलाना रिजवान मर्कज़ी ने कहा कि रमजान के पाक महीने में सभी लोगों को नेक रास्ते पर चल कर समाज में प्यार और भाईचारा कायम करना चाहिए। जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने कहा कि पूर्व मंत्री ने अपने कार्यकाल में जो विकास कार्य कराए हैं वह ऐतिहासिक हैं मौलाना मोहम्मद फईम रजा, इमाम मोहम्मद नबी, हाफिज सफदर अली, हाफिज यासीन खां, मौलाना खलील अंसारी ने मुल्क की खुशहाली और सलामती और पूर्व मंत्री की मगफिरत के लिए भी दुआ कराई। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य जुल्फिकार हुसैन, हाजी लियाकत अली, रईस अहमद अंसारी, अदनान हुसैन, अब्दुल अम्मान हुसैन, रईस अहमद प्रधान, शरीफ बाबू, खालिक रजा प्रधान, शाहवेज पाशा, नामे अली, मजीद सैफी, इशाक अली, इरशाद सैफी, डॉ. रिफाकत गुड्डू, मुनव्वर सेठ, नामे सैफी, यूनुस अंसारी, अय्यूब अली और मौलाना रिजवान मर्कज़ी, मौलाना मोहम्मद फईम रजा आदि मौजूद रहे।

# मानवाधिकार आयोग पहुंचा हत्या की रिपोर्ट दर्ज न करने का मामला

- तहरीर वापस लेने के लिए शाहबाद पुलिस बना रही दबाव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पुलिस द्वारा हत्या का मामला दर्ज नहीं करने का मामला मानव अधिकार आयोग तक पहुंच गया। ग्राम कोकरपुर शहापुर मुबारकपुर निवासी अनिल कुमार ने मानवाधिकार आयोग के सचिव को भेजे पत्र में कहा है कि शाहबाद निवासी संजय पांडे उर्फ सीताराम पांडे, चोखेलाल, गौरव, बाबूराम, राजेश कुमार, ओमप्रकाश एवं पप्पू द्वारा उसके भाई सुनील कुमार निवासी थाना छजलैट जिला मुरादाबाद की बिजली के करंट से हत्या की है। जिसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की जा रही है।

पुलिस उस पर दबाव बनाकर मामला वापस लेने का दबाव बना रही है। पत्र में कहा गया है कि थाना अध्यक्ष शाहबाद तथा चौकी इंचार्ज ढकिया को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने को कहा। थाना अध्यक्ष शाहबाद व चौकी इंचार्ज ने मामला दर्ज नहीं की गई। आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों से साठगांठ कर हत्या आरोपियों को बचाने के लिए उसे डरा धमकाकर थाने से भगा दिया गया। इसके बाद उसने अपनी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई। इसकी भनक थाना शाहाबाद को लग गई। इसके बाद उसे पुलिस से शिकायत वापस लेने की धमकियां मिलने लगीं। थाना और चौकी पुलिस द्वारा शिकायत वापस लेने के लिए दबाव डाला गया। इसके बाद उसने शिकायती पत्र पुलिस उप महानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र को दिया। पुलिस उप महानिरीक्षक ने रामपुर पुलिस को आदेशित किया। इस कारण अनिल कुमार को शिकायत वापस लेने का फिर से दबाव पड़ रहा है। रामपुर की पुलिस मौन धारण किए हुए हैं ऐसी स्थिति में मुझे जनपद रामपुर की पुलिस से न्याय मिलने की उम्मीद नहीं है। मांग है कि उसके भाई की हत्या का मामला दर्ज कराया जाए। हालांकि मामले में पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने जांच बैठा दी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में दसवीं के छात्र की मौत

- गुरुवार सुबह देर तक नही उठा तब परिजनों को हुई जानकारी

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मीरापुर गांव में 17 वर्षीय छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजन किशोर को मृत मानने को तैयार नहीं थे। वहीं उसे एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल लेकर भटकते रहे।


अवधेश।

मीरापुर निवासी अवधेश (17) कक्षा दसवीं का छात्र था। बताया गया कि बुधवार रात वह रोजाना की तरह अपने घर में सोने चला गया। गुरुवार सुबह देर तक जब वह नहीं जागा तो उसकी मां उसे उठाने के लिए कमरे में पहुंची। बेटे को बेसुध पड़ा देख मां के होश उड़ गए और उन्होंने शोर मचा दिया। आनन-फानन में परिजन अवधेश को सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बावजूद परिजन उसकी हालत पर विश्वास नहीं कर सके और उसे उपचार के लिए अन्य अस्पतालों में लेकर दौड़ते रहे। परिजनों ने किशोर को सर्पदंश की आशंका जताई। सीएचसी अधीक्षक डॉ मोहित रस्तोगी ने बताया कि किशोर अस्पताल में मृत अवस्था में लाया गया था।

# समाज के हित में कार्य करें छात्र छात्राएं: प्राचार्य

**बिलासपुर, अमृत विचार:** श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय युवा महोत्सव ''पहल'' का गुरुवार को समापन हो गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। चार्ट एवं पोस्टर प्रतियोगिता में अंजलि प्रथम कहानी लेखन में वंशिका प्रथम और मेहंदी प्रतियोगिता में नवनीत कौर एवं आलिया बी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। केश सज्जा में शिखा प्रथम, फैंसी ड्रेस और नुक्कड़ नाटक में वंशिका प्रथम स्थान पर रहीं। रंगोली में वंशिका काजल प्रथम रहीं। प्राचार्य डा. नीत बिहारी लाल ने शुभकामनाएं दीं। निर्णायक मंडल में वरिष्ठ प्रोफेसर विवेक तिवारी, डॉ. हर्षवर्धन मिश्र, डॉ. अवतार दीक्षित, डॉ. संघरतन सिंह, शिल्पा राठी व डॉ. पंकज गंभीर शामिल रहे। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. नीलम मौर्य ने आभार जताया।

# हॉकी छात्रावास ने बाकर इंटर कॉलेज को दी शिकस्त

- नवाब जुल्फिकार स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में हुए हॉकी मुकाबले
- कोसी मंदिर रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर कॉलेज में हुई बास्केटबॉल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला स्तरीय जूनियर बालक-बालिकाओं की हॉकी प्रतियोगिता नवाब जुल्फिकार अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुई। हॉकी के फाइनल मैच में हॉकी छात्रावास ने 4-3 से राजकीय बाकर इंटर कॉलेज को शिकस्त दे दी। इससे पहले मुख्य अतिथि आरएस रावत ने हिट लगाकर हॉकी मैच का शुभारंभ किया। जबकि, बास्केटबाल प्रतियोगिता का फाइनल मैच में ज्वाला क्लब की टीम ने 5-1 से सरस्वती विद्या मंदिर को हराकर विजेता बनी।

पनवड़िया स्थित स्टेडियम पर गुरुवार को जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल मैच में ग्लोबल स्कूल की टीम 1-0 से विजयी रही। उसने संघर्षपूर्ण मुकाबले में बमनपुरी स्टेडियम की टीम को परास्त किया। हॉकी प्रतियोगिता के विजेता और उप विजेता टीमों के खिलाड़ियों को हॉकी ओलंपियन आरएस रावत ने पुरस्कार वितरित किए। निर्णायकों की भूमिका में फरहत अली खां, रामबाबू यादव, मेहज बी, पूजन तिवारी, आर्यन कुमार रावत शामिल रहे। कोसी मंदिर रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के मैदान पर जूनियर बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में स्मार्ट इंडियन मॉडल स्कूल की टीम 1-0 से सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज को शिकस्त दे दी।

निर्णायकों में सौरभ कुमार, अग्निवेश, मनोज कुमार, हरपाल शामिल रहे। विजेता और उपविजेता टीमों को आरएस रावत, विनोद कुमार, डॉ. अनूप कुमार सिंह और क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने वितरित किए।


नवाब जुल्फिकार अली खां स्टेडियम पर विजेता और उप विजेता टीमें। ● अमृत विचार

## न्यूज डायरी

### प्राथमिक विद्यालय में मनाया ईद मिलन समारोह

**रामपुर, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय लालपुर कला में गुरुवार को ईद मिलन समारोह का आयोजन हुआ। विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। सभी बच्चों और शिक्षकों ने एक-दूसरे को ईद की बधाई दी। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शबनम आरा ने बच्चों को मिठाई वितरित की तथा ईदी देकर उत्साह को बढ़ाया। प्रधानाध्यापिका शबनम आरा ने विचार रखे। इस अवसर पर रीना, निदा खान ,बुशरा फिरदौस, आराधना सक्सेना, नंदकिशोर, नरेंद्र सिंह ,अभिभावक नाजमा, खतीजा ,चुन्नी, फैज बी ,भूरी, अफसरी आदि स्टाफ मौजूद रहा।





### आपसी भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार न डाले कोई नई परंपरा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** गुरुवार को ईद, नवरात्र और रामनवमी के त्योहारों को शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ संपन्न कराने के लिए कोतवाली में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। क्षेत्राधिकारी हर्षिता सिंह ने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की नई परंपरा नहीं डाली जाएगी। बैठक में पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल ने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह, अधिशासी अधिकारी डॉ. नितिन कुमार गंगवार, धन्नूमल बंसल, जोगपाल सिंह, रवि गोयल, हाफिज ताहिर, फैजान खां, शाने आलम, डॉ. शमीम हसन, अख्तर अली, सुनील गुप्ता, सुदर्शन मदान, हाजी मेराज खां, जिया खां आदि मौजूद रहे।



### भक्ति से ही होती है परमात्मा की प्राप्ति

**रामपुर, अमृत विचार :** आदर्श कॉलोनी में कथा का आयोजन हुआ। इसमें जयपुर से पधारे पूज्य व्यास देवराज महाराज ने कहा की भाव, भजन, भक्ति से ही परमात्मा की प्राप्ति होती है। आडम्बर व नारी के अपमान से कुल का नाश होता है। देवी भगवती भोर और मोक्ष प्रदान करती है। कथा से पूर्व देवी भागवत ग्रंथ व व्यास कलश का पूजन किया गया। मुख्य यजमान से रूप में शलभ गुप्ता और उनी पत्नी ने पूजन किया। कथा में विधायक आकाश सक्सेना, संतोष कपूर, सीताराम शर्मा, राम लखन शास्त्री, प्रमोद पांडे, संजय गर्ग, विकास सक्सेना, अतुल मिश्रा, सुनील कौशिक, दीपक गुप्ता आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### पुलिस ने शहर के मुख्य बाजारों में पैदल गश्त की

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र एवं अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने पुलिस बल के साथ शहर के मुख्य बाजारों में पैदल गश्त किया। क्षेत्राधिकारी नगर जितेंद्र कुमार के साथ अपराध नियन्त्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था, आमजन मानस में सुरक्षा भावना जाग्रत करने एवं आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत नगर क्षेत्र के थाना कोतवाली, सिविल लाइन, गंज क्षेत्रान्तर्गत मुख्य मार्गों, भीड भाड़ वाले स्थानो एवं बाज़ार में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया।



अमृत विचार



### न्यूज ब्रीफ

**सड़क हादसे में तीन युवक घायल**

**हसनपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बुधवार की देर रात अतरासी मार्ग पर गांव करनपुर के पास हादसा उस समय हुआ जब विपरीत दिशा से आ रहे एक टेंपो और बाइक की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। सड़क हादसे में बाबन खेड़ी निवासी अरमान, फैजान और सनव्वर गंभीर रूप से घायल हो गए।

**कार की टक्कर से अधेड़ घायल**

**डिडौली, अमृत विचार :** डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव चौधरपुर में सड़क हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए निजी में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है। थाना क्षेत्र के गांव चौधरपुर निवासी मुस्लिम (50) पुत्र जलालुद्दीन सड़क पार कर रहे थे। तभी एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में उनके सिर में गंभीर चोट आई और वह मौके पर गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने परिजनों को सूचना दी। परिजन घायल को तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे।

# गोशालाओं की निगरानी के लिए सीसीटीवी कंट्रोल रूम शुरू

## पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय में बनाया गया नियंत्रक कक्ष

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिले में गोवंश की सुरक्षा और देखभाल को बेहतर बनाने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए विकास भवन स्थित मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में सेंट्रल सीसीटीवी कंट्रोल रूम का शुभारंभ किया गया। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया।

डीएम निधि गुप्ता ने बताया कि नए कंट्रोल रूम से जिले के सभी गो आश्रय स्थलों पर नजर रखी जा सकेगी। यहां से गोवंश की स्थिति के साथ-साथ गोशालाओं में तैनात कर्मचारियों और केयरटेकर्स की उपस्थिति व कार्यप्रणाली की निगरानी भी संभव होगी। उद्घाटन के बाद डीएम ने गोशालाओं में लगे कैमरों की संख्या, डीवीआर की स्टोरेज क्षमता, इंटरनेट कनेक्टिविटी और बिजली बैकअप



सीसीटीवी कैमरों से गोशालाओं की निगरानी करतीं डीएम निधि गुप्ता। ● अमृत विचार

● **जिले भर के गोआश्रय स्थलों की होगी निगरानी**

की व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी ली। कैमरों की सुरक्षा और रखरखाव की जिम्मेदारी भी संबंधित अधिकारियों को सौंपी गई। इस दौरान हसनपुर स्थित कान्हा गोशाला में कैमरों की स्थिति ठीक न होने पर डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को तत्काल व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आभा दत्त, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. चमन प्रकाश सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम सख्त

**अमरोहा, अमृत विचार :** हाईवे पर अवैध कट के कारण बढ़ रही दुर्घटनाओं पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने एनएच अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अवैध कटों को तत्काल प्रभाव से बंद कराया जाए, ताकि हादसों पर अंकुश लगाया जा सके। सड़क सुरक्षा की बैठक में डीएम ने कहा कि जिले की सभी प्रमुख सड़कों पर रोड मार्किंग (सफेद पट्टी) अनिवार्य रूप से कराई जाए। नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत क्षेत्रों की सड़कों पर भी अधिशासी अधिकारी सफेद पट्टी लगवाना सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने निजी अस्पतालों में संचालित एंबुलेंस की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी एंबुलेंस का लाइसेंस सत्यापन शत-प्रतिशत किया जाए और जनपद में संचालित एंबुलेंस की सूची तैयार कर प्रस्तुत की जाए। डीएम ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाए, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। बैठक में सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### नियमों का पालन न करने वाले स्कूल प्रबंधकों पर होगी कार्रवाई

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम निधि गुप्ता वत्स ने स्पष्ट कहा कि बच्चों की सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। सभी विद्यालय प्रबंधन परिवहन संबंधी नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। गुरूवार को आयोजित बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि जिले के सभी विद्यालयों में समय-समय पर अभिभावक बैठकों का आयोजन किया जाए और उन्हें सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया जाए। स्कूलों में नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम, निबंध, चित्रकला और लेखन प्रतियोगिताओं के माध्यम से भी जागरूकता बढ़ाई जाए। कहा कि नाबालिग छात्र-छात्राओं द्वारा वाहन चलाने पर रोक लगाने के लिए स्कूल प्रबंधक अभिभावकों के साथ बैठक कर उनकी जिम्मेदारी तय करें। यदि कोई घटना होती है तो अभिभावकों की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी स्कूल वाहनों की फिटनेस अनिवार्य रूप से पूरी कराई जाए। चालकों-परिचालकों का चरित्र सत्यापन और ड्राइविंग लाइसेंस की जांच भी सुनिश्चित की जाए। बिना फिटनेस के कोई वाहन संचालित न हो। बैठक में विधायक हरि सिंह ढिल्लों ने कहा कि बिना फिटनेस के वाहन संचालन पूरी तरह बंद होना चाहिए। वहीं विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने नो-हेलमेट, नो-फ्यूल नियम को सख्ती से लागू करने पर जोर दिया। डीएम ने कहा कि सभी विद्यालयों में नो-हेलमेट, नो-सीट बेल्ट, नो-एंट्री नियम लागू किया जाए। साथ ही स्कूल वाहन समितियों की बैठक नियमित रूप से कर निगरानी व्यवस्था मजबूत की जाए। इस अवसर पर एआरटीओ महेश कुमार शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक, नगर पालिका परिषद अमरोहा के अधिशासी अधिकारी सहित समिति के सदस्य और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### गला काटकर हत्या के दोषियों को उम्रकैद

**बिजनौर, अमृत विचार :** अनिल हत्याकांड में फास्ट ट्रैक कोर्ट संख्या-2 के अपर सत्र न्यायाधीश श्रेय शुक्ला ने मेदपुरा सुल्तान निवासी कल्याण, राजू उर्फ राजवीर और अनुज कुमार उर्फ गोलू को दोषी करार दिया।

मामला नगीना देहात क्षेत्र के राजुपुरा गांव निवासी अनिल कुमार को 26 जून 2020 को एक कॉल आई थी, जिसके बाद वह अपनी पत्नी को जल्द लौटने की बात कहकर घर से निकले थे। बाद में उनका शव गांव के पास बाजरे के खेत में गला कटा हुआ मिला था। पुलिस ने कॉल डिटेल के आधार पर जांच करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि पैसों के लेनदेन के विवाद में तीनों ने मिलकर अनिल की हत्या की और शव को खेत में छिपा दिया था। अभियोजन पक्ष की ओर से आठ गवाह पेश किए गए। दोष सिद्ध हुआ। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने गुरुवार को तीनों आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाते हुए जेल भेज दिया।

# रामनवमी व ईद को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम



पैदल गश्त करते आरएएफ और पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

संवाददाता मंडी धनौरा/बछरायूं

**अमृत विचार :** गुरुवार को मंडी धनौरा और बछरायूं थाना क्षेत्र में आगामी रामनवमी और ईद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। इसी क्रम में रैपिड एक्शन फोर्स और स्थानीय पुलिस बल के संयुक्त तत्वावधान में फ्लैग मार्च निकाला गया।

फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस और आरएएफ के जवानों ने गांव के मुख्य मार्गों, बाजारों में पैदल गश्त

● **मुंडा खादर गांव में आरएएफ व पुलिस ने किया फ्लैग मार्च**

कर आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया। इस दौरान लोगों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील भी की गई। वही अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नागरिकों से अपील की गई कि वे प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### जमीन के विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**गजरौला, अमृत विचार:** जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें आठ लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने पांच की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। दोनों पक्षों के लोगों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

क्षेत्र के गांव तिगरी निवासी हुकम सिंह व योगेंद्र सिंह के बीच पांच बीघा जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। गुरुवार को भी दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। शोर होने पर वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच मारपीट के बाद पथराव हो गया। पथराव से मौके पर अफरातफरी मच गई। लोगों ने बमुश्किल खुद को बचाया। वहीं मारपीट में एक ओर से हुकम सिंह, गौरव कुमार, पिंकी, सोनम व दूसरी ओर से योगेंद्र सिंह, नरेंद्र, लोकेंद्र व अंकुर घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी ले जाया गया।

# समीक्षा बैठक में 10 प्रतिशत अधिक वसूली के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष के अंत तक सभी विभाग लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करें और गत वर्ष की तुलना में कम से कम 10 प्रतिशत अधिक राजस्व प्राप्त किया जाए।

डीएम ने बैठक में भू-राजस्व, परिवहन, स्टांप, आबकारी, खनिज, नगर निकाय, गन्ना, वाणिज्य कर, मंडी, सिंचाई, वाहन कर, बांट माप, बैंक एवं विद्युत सहित विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप ही कार्य किया जाए। उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आरसी वसूली शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराएं, जबकि तहसीलदारों को वसूली कार्य में विशेष रुचि लेने

● **बैठक में राजस्व वसूली पर की गई चर्चा**

को कहा गया। उन्होंने राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश देते हुए पुराने मामलों को प्राथमिकता से निपटाने पर जोर दिया। साथ ही समयसीमा तय कर आरसी का मिलान कर विसंगतियां दूर करते हुए वसूली सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में विद्युत, वानिकी, मंडी समिति, बाट माप, सिंचाई, खनिज, स्टांप एवं निबंधन और वाणिज्य कर विभाग की कम वसूली पर डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने इन विभागों को अभियान चलाकर लक्ष्य के अनुरूप वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि प्रवर्तन कार्य को प्रभावी ढंग से संचालित करते हुए हर हाल में राजस्व वसूली बढ़ाई जाए। निकायों में चल रहे जीआईएस सर्वे की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए डीएम ने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# अखंड ज्योति की स्थापना कर हुई मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र के पहले दिन जिलेभर में मां शैलपुत्री की आराधना की गई। नवरात्र के पावन पर्व का शुभारंभ होते ही भक्तिमय माहौल छा गया। नवरात्र के प्रथम दिन श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर मां से सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। भक्तों ने मातारानी के भजन गाए।

गुरूवार को नवरात्र के पहले दिन सुबह तड़के से ही मंदिरों के आगे भक्तों की लाइन लग गई। घरों में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर मां की आरती गई। श्रद्धालुओं ने माता रानी का व्रत रखकर परिवार की खुशहाली की कामना की। घर व मंदिरों में विधिविधान से कलश स्थापना के



आवास विकास में प्रथम दिन मंदिर में भजन कीर्तन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

● **पूरे जिले में दिखा भक्ति और श्रद्धा का उत्साह**

साथ अखंड ज्योति जलाई गई। सुबह 7 बजे से ही माता रानी शैलपुत्री की पूजा अर्चना के लिए मंदिरों में भक्तों की भीड़ लग गई। शहर के सुप्रसिद्ध श्री वासुदेव तीर्थ मंदिर समेत अन्य मंदिरों में घंटे की ध्वनि और शंखनाथ की गूंज से शहर का वातावरण भक्तिमय हो उठा। शाम को महिलाओं ने मंदिरों में भजन कीर्तन किया। माता रानी की चौकी सजाई गई। श्रद्धालुओं ने उपवास रखा। उपवास का सिलसिला नौ दिन तक चलता रहेगा। आवास विकास कॉलोनी प्रथम में महिलाओं ने मंदिरों में एकत्र होकर भजन-कीर्तन गाए, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। कई स्थानों पर दुर्गा सप्तशती का पाठ और हवन-पूजन भी आयोजित किया गया। मंदिरों में भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। प्रमुख मंदिरों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा।

### सनातन जागरण मंच ने निकाली जागरुकता यात्रा

**हसनपुर, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र को लेकर सनातन जागरण मंच के द्वारा नगर में सनातन जागरण यात्रा निकालकर सनातन धर्म के अनुयायियों से अपने घर पर भगवा ध्वज फहराने की अपील की।

सनातन धर्म के अनुसार चौत्र नवरात्र के प्रथम दिन से ही हिंदू नव वर्ष प्रारंभ होता है। इसी के अवसर पर बुधवार की देर शाम सनातन जागरण मंच के द्वारा नगर में एक सनातन जागरण यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में कुलदीप अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, अनुज शर्मा, सीमा यादव, विभोर अग्रवाल, राहुल, विमल अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, रमेश गुप्ता, अनुपम त्यागी, मोहित अग्रवाल, विनोद कुमार सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।

# मिड-डे मील पर भी छाया एलपीजी का संकट

संवाददाता, मंडी धनौरा/बछरायूं

**अमृत विचार:** क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से रसोई गैस की आपूर्ति ठप रहने का असर अब सरकारी स्कूलों के मिड-डे मील पर भी पड़ने लगा है। सिलेंडर न मिलने के कारण कई विद्यालयों में बच्चों के लिए भोजन तैयार करना मुश्किल हो गया है, जिससे शिक्षा व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है।

गुरूवार को सिलेंडर लेने के लिए गैस एजेंसी पर लाइन में लगी कंपोजिट विद्यालय कमालपुर की एक रसोईया रोशनी खान ने बताया कि गैस खत्म होने के बाद से मिड-डे मील बनाना चुनौती बन गया है। मजबूरी में चूल्हे पर खाना तैयार किया जा रहा है, लेकिन इससे समय और श्रम दोनों अधिक लग रहे हैं। ऐसे में बच्चों को समय पर भोजन

● **चूल्हे पर खाना बनाने को मजबूर स्कूल**

उपलब्ध कराना भी कठिन हो रहा है। उधर गैस आपूर्ति ठप रहने के चलते बछरायूं स्थित इंडेन गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग रही हैं। गुरुवार को गैस की गाड़ी पहुंचने पर हालात और बिगड़ गए। सुबह से लाइन में लगे लोगों को अव्यवस्था के चलते घंटों इंतजार करना पड़ा, जिससे नाराजगी बढ़ गई। त्योहारों के बीच गैस संकट ने समस्या और गंभीर कर दी है। भीड़ और संभावित हंगामे को देखते हुए पुलिस को मौके पर तैनात किया गया। मामले में धनौरा के आपूर्ति अधिकारी अमित श्रीवास्तव ने कहा कि विभाग स्तर पर गैस की कोई कमी नहीं है। एजेंसी संचालक को होम डिलीवरी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन व्यवस्था में लापरवाही सामने आई है। उन्होंने एजेंसी को स्थिति स्पष्ट करने के लिए गोदाम के बाहर सूचना प्रदर्शित करने के निर्देश दिए हैं।

#### रसोई गैस किल्लत को लेकर एसडीएम को सौपा ज्ञापन

**हसनपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद के द्वारा पांच दिन से गैस किल्लत को लेकर गुरुवार को उपजिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यकर्ताओं का कहना



है कि इससे पूर्व 16 मार्च को एक ज्ञापन सौपा गया था। जिसका आज तक कोई समाधान नहीं हो पाया है। शासन व प्रशासन के द्वारा झूठे दावे किए जा रहे हैं की गैस की कोई कमी नहीं है, वही जनप्रतिनिधि भी कुछ बोलने को तैयार नहीं है। अगर समस्या का समाधान 22 मार्च तक नहीं किया जाता है तो उच्च अधिकारियों एवं मुख्यमंत्री के यहां शिकायत की जाएगी व 23 मार्च को प्रदर्शन करने के बाद रोड जाम किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल यादव, मनोज गोयल, टेकचंद सिंह राणा, नरेंद्र कुमार यादव एडवोकेट, प्रमोद कुमार शर्मा, गोविंद कौशिक, राजीव सक्सेना, रामेश्वर सरन एडवोकेट, नेपाल यादव, सपना प्रजापति, कविता सैनी, वेद प्रकाश यादव, प्रवीन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### रोडवेज बस की टक्कर से दो लोग गंभीर घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** रोडवेज बस की टक्कर से गुरुवार की सुबह बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। सैदनगली के मोहल्ला मनिहार निवासी नफीस व मुबारिक हापुड़ जा रहे थे। नेशनल हाईवे शहबाजपुर डोर के पास पीछे से ओवरटेक करते समय रोडवेज बस ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। राह की मदद से घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मुबारिक की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना पर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।

# ईद से पहले डीएम, एसपी ने लिया शहर का जायजा



निरीक्षण करतीं डीएम साथ में एसपी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार :** ईद-उल-फितर की नमाज को लेकर ईदगाह पर चल रही तैयारियों का गुरुवार शाम डीएम निधि गुप्ता वत्स और एसपी अमित कुमार आनंद ने निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने नमाजियों की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर संबंधित विभागों को समय रहते सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

गुरूवार को निरीक्षण के दौरान डीएम और एसपी ने ईदगाह परिसर में पहुंचकर व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक ने ईदगाह तक आने-जाने वाले मार्गों का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और पुलिस बल की तैनाती, बैरिकेडिंग तथा भीड़ नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि सड़क पर कोई नमाज ना पढ़े। वहीं जिलाधिकारी ने नगर पालिका अधिकारियों को

● **सड़क पर नमाज न पढ़ने की अपील की**

निर्देशित किया कि ईदगाह परिसर और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की पुख्ता व्यवस्था की जाए। साथ ही नमाजियों के लिए पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि तैयारियां इस प्रकार हों कि किसी भी नमाजी को कोई असुविधा न हो। डीएम ने स्पष्ट चेतावनी दी कि लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस पर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने भरोसा दिलाया कि सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएंगी और किसी तरह की समस्या नहीं आने दी जाएगी। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी शैलेश कुमार दुबे, क्षेत्राधिकारी अभिषेक यादव, जामा मस्जिद के उलेमा सहित शहर के कई गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

# सनातन नव वर्ष पर और नवरात्र के प्रथम दिन गोष्ठियां, मंदिरों में जुटे श्रद्धालु



गोष्ठी में उपस्थित कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** गुरुवार को तहसील क्षेत्र के गांव सकरौली स्थित शिवमन्दिर परिसर में राष्ट्र सेवी संगठन के कार्यकर्ताओं की गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर धूमधाम से सनातन नव वर्ष, वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों और भारी संख्या में ग्रामीणों ने शिरकत की। समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज में जातिवाद दूर करके भाईचारे को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और संगठन संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि आज का दिन केवल कलेंडर बदलने का दिन नहीं है। बल्कि यह प्रकृति के नए सृजन का उत्सव है। इस अवसर पर उपस्थित शांतिकुंज हरिद्वार के परिवराजक सतीश कुमार त्यागी ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर मोनू अग्रवाल, मुकेश सिंह, हरचरन सिंह, नेपाल, रामकुंवर, कुंवर पाल, फूल सिंह, सचिन, अंकुर, महेश खड़गवंशी, अजय पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### नवरात्र के पहले दिन भक्तों ने की मां शैलपुत्री की पूजा

**गजरौला, अमृत विचार :** नवरात्र के पहले दिन माता रानी के भक्तों ने विधिवत अपने अपने घरों में कलश स्थापना की। इसके बाद माता रानी के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की महाआरती कर वैदिक मंत्रोचारण के साथ पूजा अर्चना की। मंदिरों में भी बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे और माता रानी की पूजा अर्चना कर स्वजन की सुख-समृद्धि की कामना की। गुरुवार को पहला नवरात्र है। जिसमें सुबह 6.53 बजे से कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त था। लिहाजा माता रानी के भक्त भी सुबह ही उठे और घरों की सफाई कर नित्य स्नान किया इसके बाद विधिवत भक्तों ने अपने-अपने घरों में कलश स्थापना की। माता रानी के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की महाआरती कर वैदिक मंत्रोच्चारण के हवनकुंड में आहुतियां देकर पूजा अर्चना की। वहीं माता रानी के भक्तों का बस्ती स्थित चामुंडा देवी मंदिर समेत अन्य मंदिरों में सुबह से सैलाब उमड़ पड़ा। वहा कतारों में लगकर शैलपुत्री की विधिवत पूजा-अर्चना की। शहर के इंदिरा चौक स्थित गंगा प्याऊ मंदिर, रेलवे स्टेशन रोड शिव मंदिर आदि मंदिरों में सुबह से पूजा अर्चना का सिलसिला चलता रहा। जिससे मंदिरों में घंटे और घड़ियालों की गूंज से आस पास का माहौल भक्तिमय हो गया।

### धूमधाम से मनाई गई डॉ. हेडगेवार जयंती व हिंदू नववर्ष



**सैदनगली, अमृत विचार :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हिंदू नववर्ष नवरात्रि उत्सव, संत झूलेलाल जयंती एवं आरएसएस संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता गायत्री ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा और सनातन धर्म में हिंदू नववर्ष के आध्यात्मिक व वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं, सूरज सिंह ने संत झूलेलाल के समाज सुधार के कार्यों और जल संरक्षण के संदेशों से अवगत कराया। डॉ. हेडगेवार के जीवन पर चर्चा करते हुए अमरपाल सिंह ने उनके राष्ट्रभक्ति, सामाजिक समरसता और अखंड भारत के संकल्प को रेखांकित किया। दिवाकर पाण्डेय ने विचार व्यक्त किए।

### नवरात्र के प्रथम दिन मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़



**हसनपुर, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन भक्तों ने मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की विधि विधान से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं माता रानी की पूजा अर्चना के लिए प्रातः से ही नगर के मंदिरों में भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। सुरक्षा व्यवस्था के मध्य नजर पुलिस वाले तैनात रहा। गुरुवार को चैत्र नवरात्र शुरू हो गए। इस अवसर पर देवी प्रतिमा का विशेष श्रृंगार किया गया। पहले दिन मंदिरों पर मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। भोर से ही नगर के शक्तिपीठ मां चामुंडा मंदिर, हनुमान मंदिर, शिव मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, माईजी महाराज का मंदिर व अन्य मंदिरों में भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने चुनरी, नारियल, बतासा, पान आदि का भोग लगाकर माता रानी की आराधना की। वहीं घरों पर भी श्रद्धालुओं ने सुबह माता की पूजा के दौरान उन्हें लौंग, सुपारी, कपूर, बताशे, गुग्गल, कमल गट्टा आदि की आहुति दी और उपवास रखा। वहीं नगर के मां चामुंडा मंदिर पर पूजा अर्चना के लिए भारी भीड़ रही। मंदिर प्रांगण से लेकर बाहर तक श्रद्धालुओं की लाइन लग गई। मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का सैलाब देखा गया।

**विज्ञप्ति/प्रवेश हेतु सूचना**

**सितारा बन्नो मैमोरियल डिग्री कॉलेज**

अल्पसंख्यक संस्थान बिलारी रोड सिरसी, जिला सम्भल (कॉलेज कोड-750002)

डी.एल.एड. (बी.टी.सी.) प्रशिक्षण 2025 हेतु ऑनलाइन आवेदन NCTE/SCERT से मान्यता प्राप्त एवं संबद्ध डी.एल.एड. (BTC) प्रशिक्षण 2025 हेतु निर्गत शासनादेश संख्या 1169/ 68-4- 2025-2067/2013 बेसिक शिक्षा अनुभाग-4 दिनांक 12.11.2025 एवं शासनादेश संख्या 653/ 15-11-2015 दिनांक 10 जून 2015 तक यथा संशोधित शासनादेश संख्या 612/15-11-2017 दिनांक 25.05.2017 के अनुपालन व परीक्षा नियामक पदाधिकारी उ.प्र. की विज्ञप्ति दिनांक 12 नवम्बर 2025 के अनुक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है। नोट : समस्त अर्हताएं सूचना NCTE/SCERT के मानकानुसार।

अधिक जानकारी के लिए कॉलेज में संपर्क करें।

8171869153, 9808982326, 9219250005, 8445695401 (HOD)

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसे में घायल ट्रक चालक की दिल्ली में मौत

**सिरसी, अमृत विचार :** संभल-मुरादाबाद मार्ग पर पेट्रोल पंप के सामने सोमवार शाम बाइक सवार सलीम (45) निवासी मोहल्ला सादक सराय, सिरसी और निसार हादसे का शिकार हो गए थे। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें सलीम की हालत अधिक नाजुक थी। परिजन सलीम को पहले मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए दिल्ली रेफर कर दिया गया। दिल्ली में उपचार के दौरान सलीम ने दम तोड़ दिया। मृतक सलीम पेशे से ट्रक चालक था। उसकी मौत से परिवार में गहरा शोक है और रो-रोकर बुरा हाल है।



मृतक सलीम।

### पशु चोरों ने किशोर के सिर पर मारी ईंट

**असमोली, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के ग्राम असमोली में बीती रात पशु चोरी का प्रयास उस समय विफल हो गया, जब एक 17 वर्षीय किशोर ने साहस दिखाते हुए बदमाशों का मुकाबला किया। इस दौरान बदमाशों ने किशोर के सिर पर ईंट से हमला कर उसे घायल कर दिया। विनीत अपने घर के बरामदे में सो रहा था। घर के बाहर एक कटिया और गाय बंधी हुई थी। रात करीब एक बजे उसकी आंख खुली तो देखा कि दो अज्ञात व्यक्ति कटिया खोल रहे हैं। विनीत ने बदमाशों को रोकने की कोशिश की और पिता को आवाज दी। इसी दौरान बदमाशों ने ईंट उठाकर विनीत के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। परिवार के लोगों को आता देख बदमाश कटिया छोड़कर भाग निकले। घायल किशोर को परिजन अस्पताल ले गए।

### बहजोई कोतवाल संत कुमार को लाइन हाजिर

**संभल, अमृत विचार :** बहजोई कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संत कुमार को पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने लाइन हाजिर कर दिया है। कोतवाल संत कुमार को लेकर पुलिस अधीक्षक को कई शिकायतें मिली थीं। इन्हीं शिकायतों की जांच के बाद यह कार्रवाई की गई है। बहजोई कोतवाली में अभी किसी की तैनाती नहीं की गई है।

# भाकियू असली जिलाध्यक्ष सहित पांच गिरफ्तार

## संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरपाल सिंह की भी तलाश, जूनावई में अवैध खनन का आरोप लगा दे रहे थे धरना, 55 हिरासत में

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

गंगा में अवैध बालू खनन के आरोप को लेकर महापंचायत के बाद धरना दे रहे भारतीय किसान यूनियन (असली) के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने संगठन के राष्ट्रीय महासचिव और जिला अध्यक्ष समेत पांच पदाधिकारियों को रंगदारी मांगने सहित गंभीर धाराओं में गिरफ्तार किया है, जबकि 55 कार्यकर्ताओं को शांति भंग की आशंका में हिरासत में लिया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष हरपाल सिंह की भी तलाश की जा रही है।

बुधवार को जुनावई क्षेत्र में गंगा किनारे उस स्थान पर महापंचायत आयोजित की गई थी। महापंचायत में भाकियू (असली) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह समेत बड़ी संख्या में किसान और पदाधिकारी मौजूद रहे। किसान नेताओं का आरोप था कि बुलंदशहर जनपद के नाम पर जारी खनन पट्टे की आड़ में संभल जनपद की सीमा में गंगा से बालू का अवैध खनन किया जा रहा है, जिससे बरसात के दौरान आसपास के गांवों में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो सकता है। मौके पर पहुंचे गुन्नौर के एसडीएम ने किसानों से वार्ता करते हुए स्पष्ट किया कि डिजिटल पैमाइश के आधार पर खनन बुलंदशहर जनपद की सीमा के भीतर ही हो रहा है। उन्होंने किसानों को आश्वस्त करने का प्रयास किया, लेकिन किसान नेता इस दलील से सहमत नहीं हुए और मैन्युअल सीमांकन कराने की मांग पर अड़े रहे।



पुलिस गिरफ्त में भाकियू असली के पदाधिकारी। • अमृत विचार

वार्ता विफल होने के बाद किसानों ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। बुधवार आधी रात के बाद पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम धरना स्थल पर पहुंची और वहां लगे टेंट व अन्य व्यवस्थाएं हटवा दीं। इसके साथ ही धरना दे रहे पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया गया। गुरुवार को प्रशासन ने बताया कि कुल 55 लोगों को शांति भंग की आशंका में हिरासत में लिया गया है। भाकियू (असली) के राष्ट्रीय महासचिव ऋषिपाल सिंह, जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह यादव, केदारी सिंह, सुभाष और दिलीप उर्फ टीटू को खनन रोकने की धमकी देकर रंगदारी मांगने सहित अन्य गंभीर आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। किसान नेताओं का आरोप है कि वे केवल अवैध खनन के खिलाफ आवाज उठा रहे थे और प्रशासन उनकी बात सुनने के बजाय दमनात्मक कार्रवाई कर रहा है। जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया

- पांच पदाधिकारियों पर खनन रोकने, रंगदारी मांगने सहित गंभीर आरोप लगाए

और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई नेकहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने और रंगदारी मांगने जैसी गतिविधियों में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

### अवैध उगाही व रंगदारी मांगने पर हुई गिरफ्तारी : एसपी

**संभल, अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि खनन कार्य में लगे वाहनों को रोककर जबरन वसूली करने के आरोप सामने आने के बाद कार्रवाई की गई है।

उन्होंने बताया कि विपिन कुमार उर्फ मोनू निवासी ग्राम ततारपुर, थाना हापुड़ देहात द्वारा थाना जुनावई में तहरीर देकर कहा गया कि वह शासन द्वारा निर्गत पट्टे के अनुसार मौरंग का खनन कर रहा है और निर्धारित शासकीय शुल्क भी जमा कर रहा है। इसके बावजूद कुछ आपराधिक प्रवृत्ति के लोग उसके ट्रक, डंपर और ट्रैक्टर को जबरन रोककर उनसे अवैध वसूली कर रहे थे। थाना प्रभारी की जांच में पाया गया कि कुछ वाहनों को रोका गया था और उन पर ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास भी किया गया था। इसके बाद पुलिस ने मौके पर मौजूद सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू की। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में से केदारी सिंह पर पहले से ही गुंडा एक्ट, आर्म्स एक्ट, चोरी और हत्या के प्रयास (धारा 307) समेत कुल नौ मुकदमे दर्ज हैं। वहीं सुभाष, राजपाल सिंह यादव, ऋषिपाल सिंह और दिलीप उर्फ टीटू पर भी दो-दो मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। पुलिस ने जिन 55 अन्य को हिरासत में लिया है उन पर खनन कार्य में लगे लोगों को परेशान करने और अवरोध उत्पन्न करने का आरोप है।

### किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

**संभल/चंदौसी, अमृत विचार :** किशोरी से दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने मुख्य आरोपी को 20 साल के कठोर कारावास और 35 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

19 अगस्त 2017 को आरोपी ने घर में घुसकर किशोरी के साथ दुष्कर्म किया था। अदालत ने मोहम्मद नसीम को दोषी मानते हुए धारा 452 के तहत तीन वर्ष का कारावास व तीन हजार रुपये जुर्माना, धारा 354ए के तहत दो वर्ष का कठोर कारावास व दो हजार रुपये जुर्माना तथा पॉक्सो एक्ट की के तहत 20 वर्ष का कठोर कारावास व 30 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर चार माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। फरार आरोपी रिजवान का वारंट जारी किया है, जबकि साकिब को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता आदित्य कुमार सिंह के अनुसार, अदालत ने जुर्माने की राशि में से 30 हजार रुपये पीड़िता को देने और पांच हजार रुपये राज्य सरकार में जमा कराने के निर्देश दिए हैं।

## रामबाग धाम में गूंजे मातारानी के जयकारे, आरती में उमड़े श्रद्धालु



चंदौसी के रामबाग धाम में देवी की आराधना करते श्रद्धालु।

**चंदौसी, अमृत विचार:** चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन रामबाग धाम पर सुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और दिनभर दर्शन-पूजन का सिलसिला चलता रहा।

लोगों ने मां भगवती के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। शाम 7 बजे आयोजित महाआरती में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और मां के जयकारों से क्षेत्र गूंज उठा। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। नवरात्र के चलते मंदिरों के आसपास प्रसाद, फूल-माला, नारियल और चुनरी की दुकानों पर भी अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली।

दुकानदारों ने सजी-धजी दुकानें लगाई हैं, जहां खरीदारों की आवाजाही लगातार बनी रही।

## साले को छोड़कर लौट रहे जीजा की ट्रेन से कटकर मौत

**संभल, अमृत विचार:** साले को छोड़कर लौट रहे जीजा की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस और जीआरपी ने जांच शुरू कर दी है।

गांव लहराबन फाटक के पास दोपहर करीब 3:45 बजे बरेली कैंट-पानीपत ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। करीब 40 मिनट तक वह पटरी पर ही पड़ा रहा। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी गई। मझोला शहीद भगत सिंह पुलिस चौकी पुलिस और जीआरपी पुलिस पहुंची। शाम को मृतक की पहचान बबलू कुमार (30) निवासी गांव मुल्हेटा, थाना बहजोई के रूप में हुई। बताया गया कि बबलू अपने साले को सवारी तक छोड़ने के लिए फाटक पार कर गया था। साला वाहन में बैठकर रवाना हो गया, लेकिन वापस लौटते समय बबलू ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## नवरात्र के पहले दिन आस्था में डूबे श्रद्धालु

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार:** चैत्र नवरात्र के पहले दिन देवी भक्तों ने मां के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा अर्चना की। शहर के प्रसिद्ध सिद्धपीठ श्री चामुंडा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मां के दरबार को फूलों और आकर्षक रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया, जिससे पूरा मंदिर परिसर जगमगा उठा।

इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां ज्वाला देवी दरबार से आई दिव्य ज्योत के दर्शन किए। बड़ी संख्या में भक्त नौ दिनों के लिए अखंड ज्योत अपने घर भी लेकर गए। मंगला आरती के बाद मंदिर के कपाट खोले गए, जिसके बाद दर्शन-पूजन का सिलसिला शुरू हुआ। कोतवाली क्षेत्र के हल्लू सराय स्थित चामुंडा देवी मंदिर के अलावा बहजोई कस्बे के मां भगवंतपुर वाली देवी मंदिर, मां काली मंदिर, संतोषी माता मंदिर और बड़े मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। सुरक्षा व्यवस्था के तहत मंदिरों के बाहर पुलिस बल की तैनाती की गई है। नवरात्र के पहले दिन श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा की और व्रत रखा। इस दिन घटस्थापना के साथ माता की आराधना की जाती है।

चामुंडा देवी मंदिर के महंत मुरली सिंह ने बताया कि नवरात्र के अवसर पर यहां दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं और माता रानी सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष में दो बार यहां नौ दिनों का मेला लगता है और मां ज्वाला देवी से ज्योत भी यहां आती है। वहीं पंडित अजय शुक्ला ने कहा कि चैत्र नवरात्र के साथ ही नव संवत्सर 2083 का भी आगमन हुआ है, जिसे हिंदू नववर्ष के रूप में मनाया जाता है। नौ दिनों तक पूरा संभल मां दुर्गा की भक्ति में डूबा रहेगा।



चामुंडा मंदिर में सजा माता का दरबार।



चामुंडा मंदिर में पूजा अर्चना अनुष्ठान करते श्रद्धालु। • अमृत विचार

- मां शैलपुद्धी की पूजा की, मातारानी के मंदिरों में गूंजे जयकारे
- प्राचीन चामुंडा मंदिर में सुबह से जुटी श्रद्धालुओं की भीड़

## अतीक को आतंकवादी दिखाने में क्या गलत : जानी

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार:** गैंगस्टर अतीक अहमद को एक फिल्म में आतंकवादी के रूप में दिखाए जाने को लेकर फिल्म निर्माता अमित जानी ने कहा है कि कोई समस्या नहीं होनी चाहिए।



अमित जानी।

गुरुवार को गांव शहजादी सराय स्थित क्षेमनाथ मंदिर में कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे अमित जानी ने कहा कि अतीक अहमद का अतीत किसी से छिपा नहीं है। फिल्म से जुड़े लोगों का तर्क है कि जब फिल्मों में डकैतों, आईएसआई एजेंटों, कन्हैया लाल हत्याकांड या कश्मीर के आतंकवादियों को दिखाया जाता है, तो उसे प्रोपेगेंडा नहीं कहा जाता। ऐसे में इस फिल्म को लेकर विवाद खड़ा करना उचित नहीं है। उन्होंने फिल्म 'धुरंधर' के निर्देशक आदित्य धर की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी फिल्में समाज के सामने सच्चाई लाने का काम करती हैं। फिल्मों में आइटम सॉन्ग को लेकर कहा कि यह दर्शकों की मांग होती है। जो लोग ऐसे गाने नहीं देखना या सुनना चाहते, वे अदालत का रुख कर सकते हैं। सेंसर बोर्ड ने 'ए' सर्टिफिकेट देकर यह स्पष्ट कर दिया है कि यह सामग्री वयस्कों के लिए है। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज को लेकर उन्होंने बताया कि 'ए' सर्टिफिकेट वाली फिल्मों को वहां 'यूए' सर्टिफिकेट के साथ प्रस्तुत किया जाता है, जिसमें आपत्तिजनक दृश्यों को हटा दिया जाता है।

## डीएम-एसपी ने पैदल मार्च कर किया संवाद

- ईद को लेकर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार:** ईद के त्योहार से पहले संभल शहर में कानून-व्यवस्था और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई गुरुवार शाम संभल पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने भारी पुलिस बल के साथ शहर में पैदल मार्च निकाला और लोगों से सीधे संवाद कर शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

पैदल मार्च के दौरान डीएम और एसपी ने विभिन्न प्रमुख स्थानों पर रुककर स्थानीय लोगों, व्यापारियों और संभ्रांत नागरिकों से बातचीत की। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि त्योहार के दौरान किसी भी तरह की गैर-परंपरागत गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी लोग अपने-अपने त्योहार को परंपरागत तरीके से और आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। अधिकारियों ने लोगों को भरोसा दिलाया कि ईद के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी और हर गतिविधि पर पुलिस प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए।

इस दौरान डीएम और एसपी दीपा सराय चौक स्थित नव स्थापित पुलिस चौकी पर भी पहुंचे। यहां उन्होंने व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही यातायात व्यवस्था और निगरानी व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए गए।



पुलिस बल के साथ पैदल मार्च करते डीएम व एसपी। • अमृत विचार

## न्यूज डायरी

### तरावीह में कुरान मुकम्मल होने पर इमाम का सम्मान

**संभल, अमृत विचार :** रमजान के महीने में कोटला सरायतरीन स्थित बिलाल मस्जिद में 29वीं शब को तरावीह के दौरान कुरान-ए-करीम मुकम्मल होने पर खास कार्यक्रम आयोजित किया गया। मस्जिद के इमाम हाफिज मौहम्मद वसी को मोहल्ले के लोगों और युवाओं की ओर से स्कूटी और 45 हजार रुपये का हदीया देकर सम्मानित किया गया। इमाम हाफिज मौहम्मद वसी ने अपील की कि सभी लोग खुद भी कुरान से जुड़ें और अपने बच्चों को भी इसकी तालीम दें, ताकि समाज में दीनी और नेक माहौल कायम हो सके। मस्जिद के मुतवल्ली डॉ. मौहम्मद मकसूद ने बताया कि यह सम्मान महज एक तोहफा नहीं, बल्कि इमाम के प्रति मोहल्ले के लोगों के प्यार और सम्मान का प्रतीक है। कार्यक्रम के अंत में देश और दुनिया में अमन-ओ-अमान के लिए दुआ की गई।





### समस्याओं को लेकर किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**चंदौसी, अमृत विचार :** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने तहसील प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर जल्द समाधान की मांग की। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि गन्ना भुगतान में देरी, बिजली की अनियमित आपूर्ति और बढ़े हुए बिलों से किसान परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि गैस वितरण व्यवस्था भी प्रभावित है, जिससे समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। साथ ही आलू उत्पादक किसानों को फसल का उचित मूल्य न मिलने से आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ज्ञापन में खसरा-खतौनी और आधार लिंकिंग की प्रक्रिया में आ रही दिक्कतों को भी प्रमुखता से उठाया गया। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो किसान आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### जिला प्रोबेशन अधिकारी ने मांगी छुट्टी, डीएम ने बैठाई जांच

**संभल, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और निराश्रित विधवाओं के पुनर्वास योजना में कथित भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे जिला प्रोबेशन पर शिकंजा कसा तो जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण यादव ने बीमारी का हवाला देते हुए जिलाधिकारी को ईमेल भेजकर आकस्मिक अवकाश मांग लिया। छुट्टी मांगने की मंशा को भांपकर जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया ने जिला प्रोबेशन अधिकारी की बीमारी का सच जानने के लिए तीन सदस्यीय जांच टीम गठित कर दी है। इस टीम में डिप्टी कलेक्टर विकास चंद्र, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज बिश्नोई और जिला संयुक्त चिकित्सालय के ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. अजफर कमाल को शामिल किया गया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण यादव पर चाइल्ड हेल्प यूनिट, विधवा व बेसहारा महिलाओं के पुनर्वास और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना में 50 लाख रुपये से अधिक के घोटाले के आरोप हैं। आरोप है कि योजनाओं के बजट में हेरफेर कर वित्तीय और स्टॉक रजिस्टर में फर्जी प्रविष्टियां की गईं और लाखों रुपये के फर्जी बिल बनाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया। 22 दिन पहले गठित जांच समिति द्वारा बार-बार अभिलेख मांगे जाने के बावजूद जिला प्रोबेशन अधिकारी ने अब तक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए हैं।

### स्काउट-गाइड समाज को यातायात नियमों के प्रति करें जागरुक

**चंदौसी, अमृत विचार :** गुरुवार को एबीसी किड्ज मांटेसरी स्कूल में उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा संकल्प संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ डीओसी मीनू ने एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी को स्काउट गॉगल पहनाकर किया। इस दौरान उन्हें भारत स्काउट गाइड का नेशनल जंबूरी कैलेंडर भी भेंट किया गया। एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी ने सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए कहा कि नियमों का पालन ही दुर्घटनाओं को रोकने का सबसे प्रभावी उपाय है। स्कूल संचालिका संगीता भार्गव ने कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझे तो अधिकांश दुर्घटनाएं रोकी जा सकती हैं। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा विषय पर पोस्टर व स्लोगन तैयार करने के निर्देश भी दिए गए, जिनका मूल्यांकन कर उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।



## चैत्र नववर्ष पर क्षेमनाथ धाम में राम कथा व कवि सम्मेलन

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार:** हिंदू नववर्ष के अवसर पर तीर्थ नैमिषारण्य स्थित समाधि क्षेमनाथ धाम में रामचरित मानस पाठ, सुंदरकांड वाचन एवं भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सनातन धर्म के समक्ष वर्तमान समय में खड़ी चुनौतियों पर गंभीर मंथन करते हुए वक्ताओं ने कहा गया कि सनातन की मजबूती के लिए समाज में जागरूकता के साथ-साथ एकजुटता बेहद आवश्यक है।

सिद्ध समाधि बाबा क्षेमनाथ के महंत बाल योगी दीनानाथ एवं क्षेमनाथ धाम परिवार के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में धार्मिक विद्वानों, कथावाचकों और देश के विभिन्न हिस्सों से आए ख्याति प्राप्त कवियों ने भाग लिया। बरेली से आए कथावाचक डॉ. बृजेश यादव ने सुंदरकांड का भावार्थ सहित अत्यंत मधुर और भावपूर्ण वाचन किया। रामकथा के उपरांत कवि सम्मेलन का संचालन सौरभ कांत शर्मा ने किया।

इटावा से राम भदावर, नोएडा से अमित शर्मा, राजस्थान से महेश डांगरा, संभल के व्यंग्य कवि अतुल कुमार शर्मा, प्रदीप शर्मा, सात्विक नीलदीप सहित कई अन्य कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के अंत में महंत बाल योगी दीनानाथ एवं फिल्म निर्माता अमित जानी ने सभी आमंत्रित कवियों को पगड़ी पहनाकर एवं तलवार भेंट कर सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया।





नैमिषारण्य तीर्थ पर कार्यक्रम में अतिथियों को गदा भेंट करते बाल योगी दीनानाथ।

- सनातन के सामने चुनौतियों पर किया गया मंथन
- नैमिषारण्य तीर्थ पर किया गया कार्यक्रम का आयोजन

### धार्मिक सांस्कृतिक परंपराओं का संरक्षण जरूरी

वक्ताओं ने कहा कि सनातन संस्कृति को लेकर समाज में जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ना और धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं का संरक्षण करना समय की मांग है। स्वामी भगवद प्रिय, अनंत पुरी, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, शिवशंकर शर्मा, कमलकांत तिवारी, संजीव शुक्ला, कुलदीप चाहल, वीकेश शर्मा, शेखर चौहान, विकास वर्मा, सजन श्रीमाली, राहुल रुद्र, अमित शुक्ला, भोले सिंह त्यागी, उमेश श्रीमाली, राकेश वार्ष्णेय, शिवम, अभिषेक, गणेश, प्रभाकर शुक्ला, राजीव यादव, सुखवीर यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बिना नोटिस सफाई कर्मियों की सेवा समाप्ति पर हंगामा

**चंदौसी, अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद क्षेत्र में कार्यरत आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों ने सेवा समाप्त किए जाने के विरोध में नाराजगी जताई है। कर्मचारियों का कहना है कि वह वर्ष 2021 से लगातार कार्य कर रहे हैं, लेकिन उन्हें कई महीनों से पूरा वेतन नहीं मिला है। इस संबंध में कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

कर्मचारियों के अनुसार, 19 मार्च की सुबह उन्हें फोन के जरिए काम पर न आने की सूचना दे दी गई, जबकि इस संबंध में कोई लिखित आदेश जारी नहीं किया गया। उनका आरोप है कि उनकी जगह नए कर्मचारियों की भर्ती की जा रही है और पुराने कर्मचारियों को हटाया जा रहा है। इसके अलावा, कुछ कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि काम जारी रखने के नाम पर उनसे पैसे की मांग की गई।

